संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, मंगलवार, 06 फरवरी 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive




यूपी विधानसभा में बजट पेश करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मीडिया को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 15 अंक: 36 पृष्ठ: 08 | RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# कांग्रेस ने देश के सामर्थ्य पर कभी विश्वास नहीं किया

**कांग्रेस** ने देश के सामर्थ्य पर कभी विश्वास नहीं किया। वे अपने आपको शासक मानते रहे, और जनता को छोटा मानते रहे। देश के नागरिकों के लिए वे कैसा सोचते थे, 15 अगस्त लाल किले पर पीएम नेहरू ने कहा था- हिंदुस्तान में काफी मेहनत करने की आदत आमतौर पर नहीं है। हम इतना काम नहीं करते हैं, जितना जापान, चीन, रूस, अमेरिका वाले करते हैं।

**कांग्रेस की रफ्तार से पीढ़ियां गुजर जातीं:** कांग्रेस की रफ्तार से ये घर बने होते तो 100 साल लगते इतना काम करने में। 5 पीढ़ियां गुजर जातीं। 10 साल में 40 हजार किलोमीटर रेलवे ट्रैक का इलेक्ट्रीकरण हुआ। कांग्रेस को 80 साल लगते, 4 पीढ़िया गुजर जातीं। 4 करोड़ गैस कनेक्शन दिए। कांग्रेस को 60 साल लगते, 3 पीढ़ियां गुजर जाती। हमारी सरकारी में सेनिटेशन 40 से 100 परसेंट पर पहुंचा। कांग्रेस को 60 साल लग जाते।

**कांग्रेस की सुस्त रफ्तार का कोई मुकाबला नहीं:** हमारे काम की स्पीड और हमारा हौसला आज दुनिया देख रही है। उत्तर प्रदेश में एक कहावत है- नौ दिन चले अढाई कोस। ये कहावत कांग्रेस को परिभाषित करती है। कांग्रेस की सुस्त रफ्तार का कोई मुकाबला नहीं।

**ये लोग सपना देखने की भी हिम्मत नहीं जुटा पाते:** ये लोग 2014 में कहते थे- 2044 तक हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेंगे। ये लोग सपना देखने की भी हिम्मत नहीं जुटा पाते। मैं विश्वास दिलाता हूं। तीस साल नहीं लगेंगे। मोदी की गारंटी है, मेरे तीसरे कार्यकाल में देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। आपको अगर 11 वें नंबर पर पहुंचने की खुशी है तो पांचवे पर पहुंचने की भी खुशी होनी चाहिए। ये देश की उपलब्धि है।

**2014 में 11वीं अर्थ व्यवस्था होने पर गर्व है, 5वीं पर नहीं**

10 साल पहले 2014 में फरवरी महीने में जो अंतरिम बजट आया था उस समय कौन थे, सबको पता है। उस बजट को पेश करते वक्त तब के वित्त मंत्री ने कहा था- आई नाउ विश टू लुक फॉरवर्ड हाउ मैनी। 2014 पर 11वीं अर्थ व्यवस्था होने पर गर्व है। आज 5वीं अर्थ व्यवस्था होने पर भी खुशी नहीं है।

**विपक्षी कुतर्क देते हैं- सब अपने आप हो जाएगा:** जब हम दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की बात कहते हैं तो विपक्षी कुतर्क देते हैं, कहते हैं वो तो अपने आप हो जाएगा।

## आदर्श विचार



"आत्मा को न शस्त्र काट सकते हैं,न आग उसे जला सकती है, न पानी उसे भिगो सकता है : भागवद्"

## मन की बात



"बाहरी स्वभाव केवल अंदरूनी स्वभाव का बड़ा रूप हैं।"

`स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख




# लोस चुनाव में अबकी बार 400 पार: मोदी

## परिवारवाद का खामियाजा कांग्रेस ने भुगता, एक प्रोडक्ट लॉन्च करने के चक्कर में दुकान पर ताला लगने की नौबत आ गई

**दावा**

8 विपक्ष कई दशक तक सत्ता में बैठा था, वैसे ही इस विपक्ष ने कई दशक तक विपक्ष में बैठने का संकल्प लिया




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी लोकसभा (लोस चुनाव) में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की स्पीच पर धन्यवाद भाषण दिया। इस मौके पर उन्होंने विपक्ष, कांग्रेस और परिवारवाद पर तीखे बयान दिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ही प्रोडक्ट को कई बार लॉन्च करने के चक्कर में कांग्रेस की दुकान पर ताला लगने की नौबत आ गई। देश के साथ-साथ कांग्रेस ने भी परिवारवाद का खामियाजा भुगता। मोदी ने कहा- ये विपक्ष कई दशक तक सत्ता में बैठा था, वैसे ही इस विपक्ष ने कई दशक तक विपक्ष में बैठने का संकल्प लिया है। ईश्वररूपी जनता के आशीर्वाद से ये अगले चुनाव में दर्शक दीर्घा में दिखेंगे। मोदी ने कहा कि अबकी बार 400 पार, ये बात देश ही नहीं खड़गेजी भी बोल रहे हैं। जनता भाजपा को 370 सीटें जरूर देगी।

**हमारे लिए नेशन फर्स्ट है, आइए साथ मिलकर काम करें:** हमारे लिए नेशन फर्स्ट है। मैं सभी राजनीतिक दलों से सभी सदस्यों से अपील करता हूं- देश से बढ़कर कुछ नहीं। कंधे से कंधा मिलाकर हम देश के निर्माण के लिए आगे बढ़ें। मैं आपका साथ मांग रहा हूं। मैं विश्व के अंदर जो अवसर आया है, उसे भुनाने के लिए आपका साथ चाहता हूं। लेकिन आप अगर साथ नहीं दे सकते, आपका हाथ ईट फेंकने के लिए ही है, तो आपको बता दूं कि आपके फेंकी हर ईट पत्थर को विकसित भारत की नींव में लगा दूंगा। ये नामदार है, हम कामदार हैं। कामदारों को नामदारों से सुनना ही पड़ता है। हम सुनते भी रहेंगे और देश को आगे बढ़ाते रहेंगे।

**देश में अलग देश की वकालत होती है:** खुलेआम देश में अलग देश की वकालत करने वाले, जोड़ने की बातें छोड़ो तोड़ने की बात करते हैं। इतने टुकड़े करने के बाद भी आप कितने टुकड़े करना चाहते हैं।

### 'अब बिचौलियों के लिए गरीबों को लूटना मुश्किल हुआ'

**पीएम मोदी ने कहा कि अब** बिचौलियों के लिए गरीबों को लूटना मुश्किल हो गया है। डायरेक्ट बैनिफिट स्कीम से लोग लूटने से बचे। कांग्रेस के पीएम ने कहा था- एक रुपए भेजते हैं 15 पैसे पहुंचते हैं। हमने 30 लाख करोड़ भेजे, पूरे पहुंचे। हमने 10 करोड़ फर्जी नाम हटाए। उनकी व्यवस्था ऐसी थी, जिस बेटी का जन्म नहीं हुआ, उसे विधवा पेंशन जाती थी। हमने फर्जी नामों को हटाने से 3 लाख करोड़ रुपया गलत हाथों में जाने से बचाया।

**'भ्रष्टाचारियों की 1 लाख करोड़ की संपत्ति जब्त की गई':** पीएमएलए एक्ट में हमने दो गुने से अधिक केस दर्ज किए। कांग्रेस के समय ईडी ने पांच हजार करोड़ की संपत्ति जब्त की।

### सबसे बड़े संकट के बावजूद महंगाई कंट्रोल में: मोदी

**दो** दो युद्ध के बावजूद और 100 साल में आए सबसे बड़े संकट के बावजूद महंगाई कंट्रोल में है। यहां पर बहुत गुस्सा व्यक्त किया गया। उनका दर्द मैं समझता हूं। क्योंकि तीर निशाने पर नहीं लगा।

**महंगाई पर दो गाने कांग्रेस सरकार में सुपरहिट हुए:** अगर जमीन न हो तो अपने गमले और कनस्तर में सब्जी उगा लें, ऐसी सलाह उच्च पद पर बैठे हुए लोग देते हैं। महंगाई पर दो गाने सुपरहिट हुए- एक महंगाई मार गई, और दूसरा महंगाई डायन खाए जात हैं।

# जब भी कांग्रेस आती है, महंगाई लाती है: मोदी



**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा इतिहास** गवाह है जब भी कांग्रेस आती है, महंगाई लाती है। कभी कहा गया था- हर चीज की कीमत बढ़ जाने की वजह से मुसीबत बढ़ी है। पंडित नेहरू ने लाल किले से कहा था। दस साल बाद- आप लोग आज कल भी कुछ दिक्कतों में हैं, परेशानियों में है महंगाई की वजह से। कुछ तो लाचारी है, कुछ तो वजह है कि महंगाई काबू में नहीं आ पा रही है। ये भी नेहरू जी ने कहा था। वे हर बार कहते रहे महंगाई कंट्रोल नहीं हो रही। जब देश आगे बढ़ता है तो कुछ हद तक महंगाई भी बढ़ती है।

**एनर्जी के क्षेत्र में हम हमेशा डिपेंडेंट रहे:** एनर्जी के क्षेत्र में हम हमेशा डिपेंडेंट रहे। इसमें आत्मनिर्भर बनने के लिए हम ग्रीन एनर्जी पर काम कर रहे हैं। हम हाइड्रोजन पर काम कर रहे हैं। आने वाले समय में सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत आगे बढ़ेगा। इन सारे कारणों से क्वालिटी जॉब की संभावनाएं बहुत बढ़ने वाली हैं। हमने अलग से स्किल मिनिस्ट्री बनाई है। ईपीएफओ में 10 साल में 18 करोड़ नए सस्क्राइबर आए। मुद्रा लोन में 8 करोड़ लोगों ने पहली बार नया रोजगार शुरू किया।

**साधा निशाना**

8 एनर्जी के क्षेत्र में हम हमेशा डिपेंडेंट रहे। इसमें आत्मनिर्भर बनने के लिए हम ग्रीन एनर्जी पर काम कर रहे हैं

# 1991 के पूजा स्थल कानून को रद्द करने की मांग

**मांग**

8 भाजपा सांसद हरनाथ ने सोमवार को पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राज्यसभा** में शून्यकाल के दौरान भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने सोमवार को पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की है। आरोप लगाया कि यह कानून संविधान के तहत हिंदुओं, सिखों, जैनियों और बौद्धों के धार्मिक अधिकारों को उल्लंघन करता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह कानून देश में सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि पूजा स्थल अधिनियम पूरी तरह से अतार्किक और असंवैधानिक है। यह संविधान के तहत हिंदुओं, सिखों, बौद्धों और जैनियों के धार्मिक अधिकारों को पूरी तरह से छीन लेता है।

**सांप्रदायिक सद्भाव को ठेस पहुंचा रहा यह कानून- हरनाथ सिंह:** भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने कहा कि यह भारत की सांप्रदायिक सद्भाव को हानि पहुंचा रहा है। इसलिए मैं सरकार से देश हित में इस कानून को तुरंत रद्द करने का आग्रह करता हूं।




# मेयर चुनाव: इस तरह का बर्ताव लोकतंत्र की हत्या'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चंडीगढ़** मेयर चुनाव मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सीजेआई ने कहा कि सर्वोच्च अदालत ने कहा कि यह साफ है कि रिटर्निंग अधिकारी ने मतपत्रों को नष्ट किया है। कोर्ट ने सवाल पूछा कि क्या इसी तरह से चुनाव का आयोजन होता है। ऐसा बर्ताव लोकतंत्र की हत्या है। पूरे मामले से हम हैरान हैं। इस अधिकारी पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। क्या यह पीठासीन अधिकारी का व्यवहार है? गौरतलब है कि आम



आदमी पार्टी ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। आम आदमी पार्टी के पार्षद और पार्टी की तरफ से मेयर पद के उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने याचिका दायर की है। याचिका पर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन जजों की पीठ ने सुनवाई की। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से मतपत्र, वीडियोग्राफी और अन्य सामग्री समेत चुनाव प्रक्रिया के पूरे रिकॉर्ड को संरक्षित करने का आदेश दिया। वहीं अगली सुनवाई तक चंडीगढ़ निगम की आगामी बैठक को टालने का निर्देश दिया। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से नहीं हुआ था और मतपत्रों से छेड़छाड़ की गई।

# निजी क्षेत्र की नौकरियों में आरक्षण कानून पर केंद्र से मांगा जवाब

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राज्य** के निवासियों के लिए निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण देने वाले कानून को असंवैधानिक घोषित करने के पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ हरियाणा सरकार की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से जवाब मांगा है। हरियाणा द्वारा दायर अपील पर केंद्र और फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन को भी नोटिस जारी किया है।

**निशाना साधा** — रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट बैंक पर 29 फरवरी 2024 के बाद काम करने पर रोक लगा दी है

# कांग्रेस ने पेटीएम मामले में सीबीआई की चुप्पी पर उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रिजर्व बैंक** ने पेटीएम पेमेंट बैंक पर 29 फरवरी 2024 के बाद काम करने पर रोक लगा दी है। अब इसे लेकर कांग्रेस ने निशाना साधा है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि 'रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट बैंक को प्रतिबंधित कर दिया है और 29 फरवरी के बाद उसका कोई अस्तित्व नहीं रहेगा। रिजर्व बैंक ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। साल 2017 से अनियमिताएं हो रहीं थी। जब आरबीआई ने इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए हैं तो फिर सीबीआई इस पर चुप्पी क्यों साधे हुए है?' श्रीनेत ने




आरोप लगाया कि ईडी के 95 प्रतिशत केस सिर्फ राजनेताओं के खिलाफ हैं। उन्होंने सवाल किए कि इतने सारे उल्लंघन के बावजूद पेटीएम को इतनी लंबी राहत क्यों दी जा रही है? मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों पर ईडी ने अब तक क्या कार्रवाई की है? पेटीएम ने भाजपा और पीएम केयर्स फंड में को कितना दान किया है?

**मांगा जवाब**

8 रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट बैंक को प्रतिबंधित कर दिया है और 29 फरवरी के बाद उसका कोई अस्तित्व नहीं रहेगा

**29 फरवरी के बाद नहीं मिलेंगी पेटीएम पेमेंट बैंक की सेवाएं:** रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट बैंक में मनी लॉन्ड्रिंग होने की आशंका जताई और साथ ही पेमेंट बैंक में सैंकड़ों करोड़ रुपये के लेनदेन होने पर भी चिंता जताई।

# पूर्व विधायकों को भी सम्मान मिले: कौशिक

**बैठक**

**8 मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा में भाजपा विधान मंडल दल की बैठक में प्रतिभाग किया।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा विधायक मदन कौशिक ने दिवंगत विधायकों को राजकीय सम्मान दिए जाने की मांग की है। सदन में संसदीय कार्यमंत्री से मांग करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व विधायकों का दिवंगत होने पर राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया जाए। अभी तक वर्तमान विधायकों का ही आकस्मिक निधन पर राजकीय सम्मान होता है। यह बात मदन कौशिक ने निधन निदेश के दौरान विधायक और पूर्व विधायकों को श्रद्धांजलि देते हुए कही। विधान मंडल दल की बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा में भाजपा विधान मंडल दल की बैठक में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, गणेश जोशी, डॉ. धन सिंह रावत, रेखा आर्या, प्रदेश महामंत्री संगठन, भाजपा अजेय कुमार एवं विधायकगण उपस्थित थे।

## राजनीतिज्ञों ने मुझे षड्यंत्र का शिकार बनाया : चिन्मयानंद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मायानंद ने अपने ऊपर लगे दुष्कर्म के आरोपों से बरी होने के बाद मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने इस षड्यंत्र में कुछ राजनीतिज्ञों के शामिल होने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने हरिद्वार लोकसभा सीट से संतों को टिकट दिए जाने की मांग को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि हरिद्वार की जनता संतों को संतों के ही रूप में देखना चाहती है न की किसी राजनीतिक के रूप में। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि उनके ऊपर लगे आरोप में वही राजनीतिज्ञ लोग शामिल थे, जो रामजन्म भूमि आंदोलन को समाप्त करना चाहते थे। उन्होंने कहाकि वहीं लोग रामजन्म भूमि आंदोलन के कारण उनकी बढ़ती लोकप्रिय से इर्ष्या कर रहे थे,लेकिन अब उनके हौसले पस्त हैं। उन्होंने कहा कि यह देश राम, कृष्ण के साथ खड़ा है और सभी मामलों को मिल बैठकर निपटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राम मंदिर आंदोलन से जुड़े संतों को बदनाम करने के लिए व्यक्तिगत रूप से उन्हें फंसाकर बदनाम करने की कोशिश की गई थी।

# सरवत करीम अंसारी विकास के लिए सदैव सक्रिय रहे : विधानसभा अध्यक्ष

**श्रद्धांजलि**

**8 विधानसभा अध्यक्ष खंडूड़ी भूषण ने कहा कि सरवत करीम अंसारी लोकप्रिय विधायक थे।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने विधानसभा सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व विधानसभा परिसर में मंगलोर से दिवंगत विधायक सरवत करीम अंसारी को भाव पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।
विधानसभा अध्यक्ष खंडूड़ी भूषण ने कहा कि सरवत करीम अंसारी लोकप्रिय विधायक थे। अपने क्षेत्र के विकास के लिए सदैव सक्रिय रहे और वो अनेक कमेटियों व बोर्ड में सदस्य भी रहे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी विधानसभा कार्यवाही में प्रतिभाग करने से पहले दिवंगत विधायक सरवत करीम अंसारी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण से शिष्टाचार भेंट की। सत्र से पहले मुख्यमंत्री ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से शिष्टाचार भेंट की।

## नैनीताल में बारिश के साथ मौसम सर्द, बर्फबारी की संभावना

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
पहाड़ों पर बीते दो दिनों से बदला मौसम का मिजाज सोमवार को भी जारी रहा है। आज नैनीताल सहित आसपास के पहाड़ों पर रात्रि में बारिश के बाद सुबह से भी आसमान बादलों से ढका हुआ है। नीचे कोहरा भी छाया हुआ है। कभी-कभी हल्की बूंदाबांदी हो रही है। नगर की सबसे ऊंची नैना पीक और कैमल्स बैक चोटी पर हल्का हिमपात, बरमाले गिरने का समाचार है। आगे बारिश व बर्फबारी की संभावना बनी हुई है। बीते 24 घंटों में नैनीताल में 3, हल्द्वानी, कोश्या कुटौली व रामनगर में 6-6, बेतालघाट में 10 एवं धारी में 4 मिमी बारिश हुई है।

# बर्फबारी से चमोली जिले के 68 गांव प्रभावित, सबसे अधिक जोशीमठ में असर

**बर्फबारी**

**8 सोमवार को अपराह्न बाद हल्की से धूप निकलने के बाद लोगों ने कुछ राहत की सांस ली।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले में शुक्रवार की रात्रि से लेकर सोमवार की दोपहर तक ऊंचाई वाले स्थानों पर हुई बर्फबारी से जिले के 68 गांव प्रभावित हुए है। इन गांवों में जमकर बर्फबारी हुई है। बर्फबारी से सबसे अधिक जोशीमठ ब्लॉक के 17 गांव प्रभावित हुए हैं।
जिले में शुक्रवार की रात्रि से लेकर सोमवार तक जमकर बारिश और बर्फबारी हुई है। इससे जिले में शीतलहर चल रही है। सोमवार को अपराह्न बाद हल्की से धूप निकलने के बाद लोगों ने कुछ राहत की सांस ली।
दूर दराज के गांवों में हुई बर्फबारी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोग घरों में ही फंस कर रह गये है। अब जब मौसम ने कुछ करवट बदली है तो लोगों को भी राहत मिली है।
चमोली जिले के इन गांवों में हुई है जम कर बर्फबारी-
चमोली जिले के जोशीमठ ब्लॉक के पांडुकेश्वर, पूर्णा, बदरीनाथ, नीती, रेगड़ी, औली, मलारी, तपोवन, हनुमान चट्टी, बामणी गांव, लोंग, लाता, द्रोणागिरी, कागा, डुमक, कलगोठ शामिल है जबकि दशोली के बमियाला, अनसूया, पाणा, ईराणी, झींझी, धार कुमाला में भी बर्फ जमी हुई है। पोखरी ब्लॉक के मोहनखाल, गैरसैण के दिवालीखाल, भरारीसैण, जंगल चट्टी, कुलियापाणी, घनियाल, फरकंडे, मेहरगांव, सिलपाटा, धारगेर, गेर, मरोडा, आंद्रपा, पांचाली, पजियाडा, थराली के ग्वालदम, मुंदोली, जैनबिष्ट, नलधुरा, डुंगरी, तलवाडी, थराली, देवाल, घेस बलाण, वाण, लोहजंग, रतगांव, कुराड तथा घाट के सुतोल, कनोल, गेरी, बूरा, पडेरगांव, घुनी, रामणी, पगना, लुतंरा, चरबंग, जोखना, स्यारी, बंगाली, सरपाणी, उस्तोली शामिल हैं।

# पीके अग्रवाल और लक्ष्मी समेत कई लोग भाजपा में शामिल



**बड़ा झटका**

**8 पीके अग्रवाल को भाजपा में शामिल कराकर संगठन ने कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को जोर झटका धीरे से दिया है, जिसके कारण कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस महामंत्री और समाजसेवी पीके अग्रवाल ने भाजपा का दामन थाम लिया है। उनके साथ ही साथा पछवादून जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है।
प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की अध्यक्षता, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के संचालन में पीके अग्रवाल और लक्ष्मी अग्रवाल के साथ सैकड़ों की संख्या में पछवादून क्षेत्र के लोग भाजपा में शामिल हुए। एक ओर जहां यह लोग भाजपा में शामिल हुए हैं वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट ने एक बयान जारी कर इन दोनों को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है।
शीशपाल बिष्ट ने करन माहरा के निर्देश और अनुशासन समिति के अध्यक्ष नव प्रभात द्वारा पीके अग्रवाल और लक्ष्मी अग्रवाल को पार्टी से निकाले जाने की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि यह दोनों केंद्रीय नेतृत्व के विरुद्ध बयानबाजी करते थे, जिसके कारण इन्हें छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है।
26 जनवरी के अवसर पर भी यह दोनों पार्टी के कार्यक्रमों से अलग रहे और 28 जनवरी को मल्लिकार्जुन खड़गे के सम्मेलन के दौरान केंद्रीय नेतृत्व से अभद्रता की।
इस कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया है जबकि यह दोनों सोमवार की प्रातःकाल ही भाजपा कार्यालय में सदस्यता ग्रहण करने पहुंचे। उनके साथ भारी संख्या में क्षेत्रीय जनता के लोग उपस्थित थे। पीके अग्रवाल को भाजपा में शामिल कराकर संगठन ने कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है।

## पशुलोक में अज्ञात व्यक्ति का किया शव बरामद

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
थाना लक्ष्मण झूला क्षेत्र अंतर्गत पशुलोक बैराज से एक पुरुष का शव बरामद कर एसडीआरएफ टीम ने शव को बैराज से निकाल कर लक्ष्मण झूला पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।
सोमवार को एसडीआरएफ के प्रभारी कविंद्र सजवाण ने बताया कि सोमवार की दोपहर में सूचना मिली कि बैराज जलाशय में 100 तैर रहा है, जिसकी सूचना पर एसडीआरएफ की टीम ने शव को बैराज से निकाल कर लक्ष्मण झूला पुलिस को सुपुर्द किया। शव 40 से 45 की उम्र का है जोकि 10 से 15 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है, जिसकी शिनाख्त के लिए नजदीकी सभी थानों को सूचित कर दिया गया है।

# हरकी पैड़ी के सामने थाने की कवायद शुरू

**पुलिस चौकी**

**8 रमेश चंद्र शर्मा ने बन रही पुलिस चौकी पर सवाल उठाते हुए खाली पड़ी भूमि पर थाना की मांग की थी।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरकी पैड़ी पर एक करोड़ 59 लाख की लागत से हरिद्वार विकास प्राधिकरण द्वारा बनवाई जा रही नयी पुलिस चौकी मामले में अब एक और पेंच आ गया है। गृह विभाग ने अपने निर्माण अनुभाग को सड़क पर जनाने घाट के सामने लोक निर्माण विभाग द्वारा अधिगृहीत 2848 फुट भूमि पर नये थाने के निर्माण की संभावनाएं देखने के निर्देश दिए हैं।
यह भूमि 1986 में लोक निर्माण विभाग ने शांतिभवन कैलाश निकेतन की दो इमारतों को हटाकर अधिग्रहित की थी। इस स्थान पर वीआईपी पार्किंग बनाई जानी थी, लेकिन प्रशासन मुआवजा बांटकर भूल गया। बाद में जमीन पर कब्जे हो गये। अब गृह विभाग इस भूमि पर थाना बनाए जाने की संभावनाओं का परीक्षण कर रहा है। इस मामले में आरटीआई कार्यकर्ता रमेश चंद्र शर्मा ने बन रही पुलिस चौकी पर सवाल उठाते हुए खाली पड़ी भूमि पर थाना बनाने की मांग की थी। 1994 में नगर निगम की नजूल भूमि पर तत्कालीन एसएसपी अशोक कुमार के प्रयास से बनी हरकी पैड़ी चौकी पर कई तरह के विवाद हैं। गंगा सभा भी यहां से चौकी का स्थानांतरण चाहती है। जिलाधिकारी भी चौकी को अन्यत्र ले जाने की अनुशंसा कर चुके हैं। समाजसेवी रमेश चंद्र चौकी हटाकर खाली भूमि पर थाना निर्माण की मांग कर रहे हैं। तकनीकी तौर पर प्राधिकरण द्वारा चौकी पर धन व्यय करने पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। बीते कुंभ के दौरान आईओसी के 34 करोड़ रुपयों से इस स्थान पर स्टेडियम नुमा सीढ़ियां बनाने की भी परिकल्पना की गई थी जिससे सड़क से ही आते-जाते लोग आरती दर्शन कर सकें। हालांकि ये योजना परवान नहीं चढ़ी।

# शराब के अवैध धंधे में लिप्त 17 आरोपित दबोचे, शराब बरामद

**छापेमारी**

**8 पकड़ में आए शराब तस्कर, विक्रेताओं से कुल 395 पव्वे देशी शराब बरामद की गई।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हर की पैड़ी के आसपास के स्थानों पर अवैध रूप से शराब तस्करी एवं बिक्री के संबंध में मिल रही सूचनाओं पर अलग-अलग टीमें गठित कर विभिन्न संभावित स्थलों पर छापेमारी करते हुए पुलिस टीमों ने अवैध शराब के धंधे से जुड़े हुए 17 व्यक्तियों को दबोचा। पकड़ में आए शराब तस्कर, विक्रेताओं से कुल 395 पव्वे देशी शराब बरामद की गई। सभी के खिलाफ कोतवाली नगर में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज किए गए।
पकड़े गए शराब तस्कर के नाम राजू पटेल पुत्र कड़ेदीन निवासी प्रतापगढ़ उ.प्र. हाल निवासी निकट विजकिड स्कूल, इंडस्ट्रियल एरिया हरिद्वार, सुनील पुत्र सत्यदे निवासी झुग्गी झोपडी ब्रहमपुरी, प्रदीप उर्फ दिप्पा पुत्र राजाराम, प्रभाकर कश्यप पुत्र बीरू निवासीगण निवासी कुज गली खडखडी, शैलेन्द्र पुत्र रमेश निवासी लालजीवाला, अजय पुत्र यादराम निवासी झुग्गी झोपडी पन्तद्वीप पार्किंग, सोनू पुत्र सत्यवीर निवासी टंकी नं. 6 मायापुर, कमल पुत्र रामपाल निवासी रविदास बस्ती बंगाली बस्ती कनखल, रामबाबू पुत्र जोगेन्द्र निवासी दीन दयाल पार्किंग, हरिचरण पुत्र कवरपाल निवासी रानीगली सप्तऋषि, मुकेश अग्रवाल पुत्र रमेश चन्द निवासी दुर्गा नगर खडखडी, आशू पुत्र रमेश निवासी काशीपुरा, विष्णू पुत्र विनोद निवासी कुंज गली खडखडी, तरूण सैनी पुत्र राजू सैनी निवासी पन्तद्वीप पार्किंग, प्रियांशु पुत्र विजय निवासी बिल्वकेश्वर, मोहन पुत्र रामप्रसाद निवासी नई बस्ती ऋषिकुल व धर्मेन्द्र पुत्र काले निवासी रानीगली हरिद्वार बताए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तराखंड : विधानसभा का सत्र कल 11 बजे तक के लिए स्थगित

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड विधानसभा का सत्र कल 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गया है। इससे पूर्व सोमवार को सत्र निधन निदेश के साथ शुरू हुआ था। सदन नेता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में दिवंगत विधायक और पूर्व विधायकों को श्रद्धांजलि दी। यह सत्र 05 से 08 फरवरी तक यूसीसी बिल लाने के लिए आयोजित हो रहा है।
इस मौके पर सदन के नेता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के मंगलोर सीट से विधायक रहे दिवंगत सरवत करीम अंसारी,पूर्व मंत्री मोहन सिंह गांववासी,पूरन चंद शर्मा, लक्सर के पूर्व विधायक कुंवर नरेन्द्र सिंह, नैनीताल से पूर्व विधायक किशन सिंह तड़ागी, पूर्व विधायक धनी राम सिंह नेगी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि इन लोगों जाना हमारे लिए दुःखद है।
मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरवत करीम अंसारी हमेशा दलगत भावनाओं से अलग मिलते थे। उनका शेरों शायरी कई मौके पर सुनने मिलता था और वो मुझे भी शायरी सुनाने को कहते थे।
मोहन सिंह गांववासी का जीवन सादगी था। वो फक्कड़ थे और भाजपा को मजबूत करने का काम किये। वो हमेशा आधार स्तंभ रहेंगे। गांव-गांव का भर्मण से उनकी अलग पहचान थी। 1975 के आपातकाल में जेल भी गए। आरएसएस के प्रचारक, हिन्दुस्थान समाचार के संवाददाता, भाजपा में विभिन्न दायित्यों को पूरी निष्ठा के साथ काम किया। वे खुद के लिए नहीं समाज के लिए कार्य किये। उनका विशिष्ट बात उनका सादगी था। उनको सोचता हूं तो मन भावुक हो जाता है।
मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री पूरन चंद शर्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका जीवन यात्रा हमेशा संघर्ष भरा रहा। आपातकाल में वो संघर्ष किये। कुंवर नरेंद्र सिंह हमेशा समाज में किये कार्य के लिए याद किये जायेंगे। वो लक्सर विधानसभा से विधायक रहे। कृष्ण सिंह तड़ागी,धनी राम नेगी का जीवन हमेशा प्रेरणादायक रहेगा। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, वित्त व संसदीय मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने दिवंगत विधायक और पूर्व विधायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि निश्चित ही इन लोगों का नहीं रहना दुखद है।
सत्र से पहले उप नेता भुवन कापड़ी ने पत्रकारों से बातचीत ने कहा कि आज उत्तराखंड की जनता की मूल आवाज भू-कानून सहित राज्य की ज्वलंत विषय है। अवाम की आवाज से सरकार दूरी बना ली है। उन्होंने कहा कि यूसीसी ड्राफ्ट आने के बाद ही कुछ कहना सही होगा। इस ड्राफ्ट को कैसे तैयार किया गया है, यह अभी स्पष्ट नहीं है।
उन्होंने कहा कि यह सत्र विशेष नहीं है। पिछले सत्र का सत्रावसान नहीं हुआ है। जो विधायकी व्यवस्था है उसी के अनुसार सत्र चलना चाहिए। विधायकी कार्य में प्रश्नकाल भी होगा। सत्र नियम के तहत संचालन होना चाहिए। भाजपा सरकार जबरजस्त अपना एजेंडा ला रही है।
उन्होंने कहा कि 400 पन्नों के ड्राफ्ट एक दिन में पढ़ा नहीं जा सकता। इसके लिए पर्याप्त समय देना चाहिए। सिर्फ राजनीति के लिए कानून नहीं बनाना चाहिए। सरकार की मंशा नहीं है चर्चा करना। कुम्भकर्णी नींद में सरकार सोयी हुई है। सत्र को एक साल में 60 दिन चलना चाहिए, लेकिन भाजपा सरकार 08 से 10 दिन साल में सत्र चला रही है।
भाजपा विधायक मदन कौशिक ने कहा कि देश की मूल भावना से कांग्रेस अलग काम करती है। कांग्रेस राम मंदिर सहित हिन्दुत्व और हर अच्छे काम का विरोध करती है। इसी तरह यूसीसी का विरोध कर रही है। सरकार विपक्ष के मुद्दों को सत्र में आने पर जवाब देगी। यूसीसी भाजपा के एजेंडे था और उसे ला रही है। कांग्रेस अपने एक्सपर्ट के साथ अध्ययन करे, कौन रोका है।

### चाइनीज माझा की बिक्री और अतिक्रमण पर रोक प्राथमिकता : सिटी मजिस्ट्रेट

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सिटी मजिस्ट्रेट पद पर पीसीएस अधिकारी कुसुम चौहान ने 5 फरवरी को सिटी मजिस्ट्रेट ऑफिस पहुंचकर अपना कार्यभार संभाला। कुसुम चौहान का स्थानांतरण संयुक्त सचिव एमडीडीए से डिप्टी कलेक्टर हरिद्वार के पद पर हुआ था। जिलाधिकारी हरिद्वार के आदेश पर उन्हें सिटी मजिस्ट्रेट बनाया गया है।
कार्यभार संभालने के बाद पीसीएस अधिकारी कुसुम चौहान ने अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि शहर में कानून व्यवस्था दुरुस्त रहे, इसके लिए सभी के साथ समन्वय बनाकर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में अतिक्रमण एक बड़ी समस्या है, जिसके लिए समय-समय पर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधों के बावजूद भी हरिद्वार में चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए नगर निगम प्रशासन और हरिद्वार पुलिस को सयुंक्त टीमें बनाकर छापेमारी की कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए जाएंगे। उन्होंने हरिद्वार के व्यापारियों से भी चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक के लिए प्रशासन के सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि जो व्यापारी चाइनीज मांझे का भंडारण करेंगे उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए वसंत पंचमी पर्व से पहले निगम प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीमें छापेमारी की कार्रवाई करेंगी। इसके लिए निर्देश दिए हैं।

# उत्तराखंड: विधानसभा का सत्र निधन निदेश के साथ शुरू, यूसीसी बिल लाया जाएगा

**विधानसभा सत्र**

**8 सदन नेता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में दिवंगत विधायक और पूर्व विधायकों को श्रद्धांजलि दी।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विधानसभा का सत्र सोमवार को निधन निदेश के साथ शुरू हो गया। सदन नेता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में दिवंगत विधायक और पूर्व विधायकों को श्रद्धांजलि दी। यह सत्र 05 से 08 फरवरी तक यूसीसी बिल लाने के लिए आयोजित हो रहा है।
इस मौके पर सदन के नेता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के मंगलोर सीट से विधायक रहे दिवंगत सरवत करीम अंसारी,पूर्व मंत्री मोहन सिंह गांववासी,पूरन चंद शर्मा, लक्सर के पूर्व विधायक कुंवर नरेन्द्र सिंह, नैनीताल से पूर्व विधायक किशन सिंह तड़ागी, पूर्व विधायक धनी राम सिंह नेगी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि इन लोगों जाना हमारे लिए दुःखद है।
मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरवत करीम अंसारी हमेशा दलगत भावनाओं से अलग मिलते थे। उनका शेरों शायरी कई मौके पर सुनने मिलता था और वो मुझे भी शायरी सुनाने को कहते थे।
मोहन सिंह गांववासी का जीवन सादगी था। वो फक्कड़ थे और भाजपा को मजबूत करने का काम किये। वो हमेशा आधार स्तंभ रहेंगे। गांव-गांव का भर्मण से उनकी अलग पहचान थी। 1975 के आपातकाल में जेल भी गए। आरएसएस के प्रचारक, हिन्दुस्थान समाचार के संवाददाता, भाजपा में विभिन्न दायित्यों को पूरी निष्ठा के साथ काम किया। वे खुद के लिए नहीं समाज के लिए कार्य किये। उनका विशिष्ट बात उनका सादगी था। उनको सोचता हूं तो मन भावुक हो जाता है।
मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री पूरन चंद शर्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका जीवन यात्रा हमेशा संघर्ष भरा रहा। आपातकाल में वो संघर्ष किये। कुंवर नरेंद्र सिंह हमेशा समाज में किये कार्य के लिए याद किये जायेंगे। वो लक्सर विधानसभा से विधायक रहे। कृष्ण सिंह तड़ागी,धनी राम नेगी का जीवन हमेशा प्रेरणादायक रहेगा।
नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, वित्त व संसदीय मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने दिवंगत विधायक और पूर्व विधायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि निश्चित ही इन लोगों का नहीं रहना दुखद है।
सत्र से पहले उप नेता भुवन कापड़ी ने पत्रकारों से बातचीत ने कहा कि आज उत्तराखंड की जनता की मूल आवाज भू-कानून सहित राज्य की ज्वलंत विषय है। अवाम की आवाज से सरकार दूरी बना ली है। उन्होंने कहा कि यूसीसी ड्राफ्ट आने के बाद ही कुछ कहना सही होगा। इस ड्राफ्ट को कैसे तैयार किया गया है, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

**Name change**

I Birendra Singh S/o Thakur Singh R/o Vill- Himmatpur Nakayal, P/O Kunwarpur, Haldwani, Nainital, Uttarakhand- 263139, have changed my name to Birendra Singh Deopa

# डीएम ने ली राजस्व स्टॉफ की समीक्षा बैठक

कार्रवाई

8 जिला आबकारी अधिकारी को अवैध शराब बिक्री की रोकथाम के प्रभावी कार्रवाई करने को कहा।



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व स्टाफ की मासिक समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में क्रमवार राजस्व पुलिस, रेगुलर पुलिस, खनन, परिवहन, आबकारी विभाग, राजस्व वसूली, विवादित वाद आदि के तहत की गई कार्रवाई एवं उपलब्धि की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने तहसील स्तर आयोजित कोर्ट, दायर वाद, निस्तारित वाद की जानकारी लेते हुए नियमित कोर्ट लगाने और लंबित वादों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को दिए। उन्होंने कहा कि विविध देयकों में प्राथमिकता पर वसूली करते हुए निर्धारित लक्ष्य हासिल किया जाए। तहसीलों के आवासीय भवनों के निर्माण में तेजी लाई जाए और इसकी वित्तीय एवं भौतिक प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक 15 दिनों में उपलब्ध की जाए। खतौनी पुनरीक्षण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए। भूमि रिकॉर्ड संबंधी डेटा शीघ्र पोर्टल पर अपलोड किया जाए। हेलीपैड निर्माण के लिए स्थल चयन, एरियल सर्वे, भूमि हस्तांतरण संबधी कार्रवाई में तेजी लाई जाए। सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत सभी प्रकार के प्रमाण पत्रों का निर्धारित अवधि में निर्गत करना सुनिश्चित किया जाए। अपणु स्कूल अपणो प्रमाण पत्र के तहत भी जनपद में 11वीं कक्षा के शत प्रतिशत छात्रों के प्रमाण पत्र बनाए जाए।
खनन से प्राप्त राजस्व की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अवैध खनन रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने, खनन मामलों में जारी नोटिस के सापेक्ष राजस्व वसूली करने तथा खनन से राजस्व प्राप्ति के लिए निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। जिला आबकारी अधिकारी को अवैध शराब बिक्री की रोकथाम के प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि ओवर स्पीड, ओवल लोडिंग, नशा करके वाहन का संचालन आदि अभियोग में पुलिस और राजस्व अधिकारियों के साथ संयुक्त चेकिंग करके चालान में प्रगति लाना सुनिश्चित करें।
इस दौरान बताया गया कि नियमित पुलिस के अन्तर्गत 694 तथा राजस्व पुलिस के अन्तर्गत 481 ग्राम है। नियमित पुलिस क्षेत्रान्तर्गत माह जनवरी तक लंबित विवेचनाधीन 77 मामले दर्ज हैं। राजस्व क्षेत्रों में दर्ज दो मामले नियमित पुलिस को हस्तांतरित किए गए है। नागरिक पुलिस क्षेत्रान्तर्गत इस वर्ष हत्या, डकैती, बलात्कार आदि मामलों में 10 अपराध दर्ज हुए है। जिला एवं सत्र न्यायालय में लंबित 160 वादों में से तीन निस्तारित किए गए है। जबकि अधीनस्थ न्यायालयों में दर्ज 354 में से 41 केस निस्तारित किए गए है। तहसील स्तर पर 313 राजस्व वादों में से 151 का निस्तारण कर लिया गया है। मुख्य देयक तथा विविध देयकों में 86 प्रतिशत वसूली की गई है।

# नौली-धोतीधार मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

मांग

8 जनप्रतिनिधियों ने जिला अधिकारी को ज्ञापन भेजकर मोटर मार्ग निर्माण किये जाने की मांग की।



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी विकासखंड के नौली-धोतीधार मोटर मार्ग निर्माण को लेकर सोमवार को प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष धीरेंद्र राणा के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों ने तहसील प्रशासन के माध्यम से जिला अधिकारी को ज्ञापन भेजकर मोटर मार्ग निर्माण किये जाने की मांग की।प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष धीरेंद्र राणा ने कहा तहसील प्रशासन के माध्यम से जिला अधिकारी का ज्ञापन दिया गया। 10 फरवरी तक शासन-प्रशासन की ओर से सड़क निर्माण को लेकर निर्णय नहीं लिया गया तो तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में धीरेन्द्र राणा, ग्राम प्रधान सतेन्द्र सिंह, संजय रमोला, सज्जन सिंह, राधा रानी रावत, देवेन्द्र लाल आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तराखंड के 13 जिलों के बसपा के पदाधिकारी 17 को जुटेंगे गौचर में, लोस चुनाव पर होगी मंत्रणा

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के 13 जिलों के बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष, प्रभारी, विधान सभा अध्यक्ष और प्रभारियों की एक बैठक आगामी 17 फरवरी को गौचर में आहूत की गई है। इसमें प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी भी शिरकत करेंगे।
बैठक में आगामी लोक सभा चुनावों के साथ ही स्थानीय निकाय और पंचायत चुनावों के साथ ही पार्टी के विस्तार पर चर्चा होगी।
बसपा के जिलाध्यक्ष मुकेश कोषवाल ने बताया कि उत्तराखंड में बहुजन समाज पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के साथ ही सभी जिलों में कार्यकारिणी का विस्तार किये जाने के लिए आगामी 17 फरवरी को गौचर में एक बैठक आहूत की गई है। इसमें सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, विधान सभा अध्यक्ष और प्रभारी भाग लेंगे साथ ही बैठक में पदाधिकारियों को चुनावी रणनीति और बहुजन सभा की रीति नीति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकताओं को टिप्स देने के लिए प्रदेश अध्यक्ष शिशुपाल चैधरी, प्रदेश प्रभारी डा. नात्थी राम, लोक सभा प्रभारी पौड़ी डा. मनी राम भी शिरकत करेंगे। उन्होंने बसपा कार्यकताओं से अपील की है कि लोक सभा चुनावों के साथ ही स्थानीय निकाय और पंचायत चुनावों के लिए कमर कस लें।

### उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का विहिप ने किया स्वागत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड सरकार की कैबिनेट बैठक में समान नागरिक संहिता के ड्राफ्ट को स्वीकार किए जाने और आगामी 6 फरवरी को विधानसभा के सत्र में रखे जाने के फैसले का विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) उत्तराखंड के प्रान्त संगठन मंत्री अजय कुमार ने स्वागत किया है।
अजय कुमार ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 44 सभी सरकारों को पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का निर्देश देता है। उत्तराखंड राज्य में समरूपता स्थापित करने के लिए एक प्रकार के कानून, एक प्रकार की विधि व्यवस्था, एक प्रकार के रीति रिवाज, विवाह आदि संस्कारों में एक ही प्रकार के नियम लागू होंगे, जिससे राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूती प्राप्त होगी।
उन्होंने कहा कि शासन की नीतियों का आधार विभिन्नताओं को पोषित करना नहीं है, अपितु राष्ट्रहित में विभिन्नताओं को समेकित करना है। एक आदर्श राज्य में नागरिक के अधिकारों की रक्षा के लिए समान नागरिक संहिता एक आदर्श उपाय होगा। उन्होंने कहा कि निरंतर बदलती परिस्थितियों के बीच आज वह समय आ गया है कि सभी नागरिकों के मौलिक और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए धर्म की परवाह किए बगैर समान नागरिक संहिता को लागू किया जाना चाहिए। समान नागरिक संहिता द्वारा ही धर्मनिरपेक्षता और राष्ट्रीय अखंडता को मजबूत किया जा सकता है।
उन्होंने कहा कि हमने कभी किसी के अधिकारों का शोषण नहीं किया, बल्कि अपनी ओर से अधिकार देने की या दूसरों के अधिकारों का संरक्षण करने की मानवोचित प्रवृत्ति को अपनाकर मानवता का हित संरक्षण किया है। अपनी इसी सोच और पवित्र भावना के कारण भारत प्राचीन काल से ही समान नागरिक संहिता का समर्थक ही नहीं बल्कि संस्थापक देश रहा है।
उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड पुण्य सलिला गंगा और यमुना का उद्गम स्थल है। इन पवित्र नदियों से सम्पूर्ण भारत धार्मिक, आर्थिक आधार पर लाभान्वित होता है और सांस्कृतिक विरासत में गंगा जमुनी तहजीब देश की अखण्डता, एकता का परिचय कराती हैं।
प्राचीन काल में भगवान श्री राम के पूर्वज भागीरथ मानव कल्याण की भावना से ओतप्रोत होकर कठोर तपस्या के पश्चात मां गंगा को पृथ्वी पर लेकर आए थे, उसी प्रकार वर्तमान समय में मानव कल्याण और एक आदर्श राज्य में नागरिक के अधिकारों की रक्षा के लिए आधुनिक भागीरथ के रूप में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भारत के प्रत्येक राज्यों का मार्ग प्रशस्त करने को उत्तराखंड राज्य में समान नागरिक संहिता लागू कराने को संकल्पित हैं। विश्व हिन्दू परिषद उत्तराखंड के सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता शीघ्र लागू करने के लिए आशान्वित है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च को

**नैनीताल**
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के दिशा निदेर्शों पर आगामी 9 मार्च उत्तराखंड के सभी जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर धन वसूली, संपत्ति व वैवाहिक सहित सभी तरह के दीवानी वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा।
इसके अतिरिक्त भी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के शमानीय आपराधिक वादों व चेक बाउंस के मामलों, वाणिज्यिक विवादों, श्रम विवादों, पारिवारिक विवादों, मोटर वाहन के चालन संबंधी वादों का शमन के आधार पर निस्तारण किया जाता है। बताया गया है कि लोक अदालत में पारित अवार्ड के विरुद्ध अपील नहीं होती है।

# औली में दो दिन से लगातार हो रही बर्फबारी, जमी दो फीट से ज्यादा बर्फ

लुत्फ

8 पर्यटकों ने एक दूसरे पर बर्फ के गोले बनाकर फेंके तो कुछ बर्फ से स्नो मैन बनाकर झूम उठे।



चमोली
उत्तराखंड में मौसम लगातार खराब बना हुआ है। औली में लगातार दो दिन से बर्फबारी हो रही है। औली में अब तक दो फीट से अधिक बर्फ जम चुकी है। वहीं, स्कीइंग स्लोप पर पर्यटक जकर स्कीइंग का लुत्फ उठा रहे हैं।
बर्फबारी के बीच बड़ी संख्या में पर्यटक औली पहुंच रहे हैं। सोमवार को करीब 500 पर्यटक औली पहुंचे और बर्फ का जमकर लुत्फ उठाया। पर्यटकों ने एक दूसरे पर बर्फ के गोले बनाकर फेंके तो कुछ बर्फ से स्नो मैन बनाकर झूम उठे। औली में इस वर्ष की दूसरी बर्फबारी हुई है।
बर्फबारी के बाद यहां पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। पर्यटकों की आवाजाही से पर्यटन व्यवसायियों के चेहरे भी खिल गए हैं।
इस साल काफी लंबे इंतजार के बाद पहाड़ों में बर्फबारी हुई है। नए साल पर भी पर्यटक बर्फबारी का इंतजार करते रह गए। लेकिन अब जैसे ही औली में बर्फ पड़ी पर्यटकों ने यहां का रुख करना शुरू कर दिया।
वहीं, बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, रुद्रनाथ, लाल माटी, नंदा घुंघटी के साथ ही नीती और माणा घाटी के गांवों में रविवार रात तक बर्फबारी हुई, जिससे पूरे क्षेत्र में ठंड बढ़ गई है। आज भी बारिश और बर्फबारी की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूवार्नुमान के अनुसार पर्वतीय इलाकों के साथ मैदानों में हल्की बारिश के आसार हैं। जबकि, 2500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है।

# सीसीसी पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने

सीसीसी बिल

8 धामी सरकार सीसीसी को राज्य में लागू करने की प्रक्रिया के तहत विधानसभा के पटल पर रखने के लिए सत्र बुलाई है।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड विधानसभा सत्र की कार्यवाही आज शुरू हो गई है। विधानसभा में समान नागरिक संहिता (सीसीसी) बिल को लेकर अब सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं।
धामी सरकार सीसीसी को राज्य में लागू करने की प्रक्रिया के तहत विधानसभा के पटल पर रखने के लिए सत्र बुलाई है। भाजपा का कहना है कि अपने घोषणा पत्र में सीसीसी को लाने के लिए वायदा किया था और उसी के अनुरूप अब जनहित में सीसीसी को सदन में रखा जाएगा ताकि उत्तराखंड में सीसीसी को लागू किया जा सके। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस इसका का विरोध कर रही है।
कांग्रेस का कहना है कि सीसीसी अगर जनहित में भाजपा ला रही है तो जनता को पता होना चाहिए कि उस बिल में क्या है। कॉमन सिविल कोड (सीसीसी) से क्या फायदा होगा और क्या नुकसान। यह लागू करने से पहले भाजपा सरकार को जनता को बताना चाहिए।
हालांकि कांग्रेस के तमाम नेता इस बात को कहते नजर आ रहे हैं कि कॉमन सिविल कोड का ड्राफ्ट जब उनको मिल जाएगा, तब वह इसका अध्ययन करने के बाद अपनी बात को सरकार के सामने रखेंगे।
खानपुर निर्दलीय विधायक उमेश कुमार भी सीसीसी को लेकर सरकार पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि सीसीसी बिल जनता के हित में नहीं है और जनता के हित में होता तो सरकार पहले सीसीसी को जनता के सामने रखती उसके बाद ही सदन में लाती।

### नशे में धुत पेट्रोलियम टैंकर चालक गिरफ्तार

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नैनीताल जनपद की खैरना चौकी पुलिस ने नशे में धुत एक पेट्रोलियम टैंकर चालक को गिरफ्तार किया है। उसका डीएल यानी चालक लाइसेंस निरस्त करने की भी सिफारिश की गयी है। इसे आरटीओ हल्द्वानी को भेज दी गयी है। नैनीताल पुलिस के अनुसार जनपद के एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत खैरना के चौकी प्रभारी दिलीप कुमार ने अपनी टीम के साथ खैरना क्षेत्र में वाहन चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान बागेश्वर से काठगोदाम लौट रहा भारत पेट्रोलियम के टैंकर संख्या यूपी26टी-6820 का चालक जांच करने पर शराब पीकर खतरनाक तरीके से वाहन चलाता पाया गया।

# मेहमान बनकर घर में घुसे बदमाशों ने चाय-नाश्ता करने के बाद की लूटपाट, महिला को किया घायल



वारदात

8 महिला ने विरोध किया तो बदमाशों ने कुंडल, नकदी और मोबाइल आदि लूट लिया

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
घर में मेहमान बनकर घुसे बदमाशों ने दिनदहाड़े महिला को आतंकित कर जेवर, नकदी और मोबाइल आदि लूट लिए। आरोपित वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए।
इस दौरान बदमाशों ने महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला को उपचार के सिविल अस्पताल रुड़की ले जाया गया, जहां महिला की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। वारदात को अंजाम देने वाले युवक परिचित बताए गए हैं।
आज सुबह करीब 10.30 बजे दो बदमाश पुरानी तहसील रुड़की स्थित नकली चाय वाली गली में विपिन गोयल के मकान में घुस गए। घर में उनकी पत्नी रेखा अकेली थी। बदमाशों ने महिला को धमकाते हुए उससे जेवर और नकदी देने को कहा। महिला ने विरोध किया तो बदमाशों ने कुंडल, नकदी और मोबाइल आदि लूट लिया। महिला द्वारा अधिक विरोध करने पर बदमाशों ने धारदार हथियार से उसके गले पर वार कर दिया, जिस कारण से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।
घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को सिविल अस्पताल भिजवाया। महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। महिला के पति विपिन ने बताया कि उसकी पत्नी ने बताया कि दोनों लोगों में एक उनका रिश्तेदार था और एक अन्य उसके साथ अंजान युवक था। दोनों घर आए तो उन्हें चाय नाश्ता भी करवाया, लेकिन अचानक उन्होंने लूटपाट शुरू कर दी और विरोध करने पर महिला को घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कूड़ा डम्पिंग जोन का सिमलसैंण के ग्रामीणों ने किया विरोध

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के थराली नगर पंचायत के सिमलसैंण गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को गांव के समीप कूड़ा डंपिंग जोन बनाए जाने पर विरोध जताते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। ग्रामीणों ने अपनी मांग को लेकर उपजिलाधिकारी कार्यालय पर नारेबाजी भी की।
सिमलसैंण में कूड़ा डंपिंग जोन बनाये जाने के विरोध में ग्रामीणों ने जुलूस प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे जहां ग्रामीणों ने नारेबाजी एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को भेजा। महिला मंगल दल अध्यक्ष बबीता देवी, बीना देवी का कहना है जिस स्थान पर वर्तमान में कूड़ा डंपिंग जोन बनाया जा रहा है वहां पर सिमलसैंण गांव के ग्रामीणों की कृषि योग्य भूमि, दुकानें, आवासीय मकान, होटल आदि हैं।



सिमलसैंण गांव खतरे की जद में होने के कारण निकट भविष्य में मकान बनाने योग्य भूमि भी एकमात्र उसी स्थान के समीप ही है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में तीन अक्टूबर 2022 को भी उपजिलाधिकारी थराली के माध्यम से जिलाधिकारी चमोली को पत्र भेजकर इसका विरोध किया गया था तब वहां कार्य रोक लिया गया था, लेकिन अब फिर से यहां पर डंपिंग जोन का कार्य शुरू किया जा रहा है। जिसका ग्रामीण विरोध करते हैं। ज्ञापन देने वालों में महिला मंगल दल अध्यक्ष बबीता देवी, बीना देवी, विमला देवी, गंगा देवी, सुमित्रा देवी, कलावती देवी, गुड्डी देवी, रोशनी देवी, लक्ष्मी देवी आदि शामिल थीं।

# स्वास्थ्य जागरूकता शिविर: चिकित्सा शिविर का 200 लोगों ने उठाया लाभ

शिविर

8 कार्यक्रम में योगाचार्य डॉ दीप शिखा सिंह ने ग्रामीणों को योग के द्वारा रोगों के उपचार के बारे में बताया



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय के भेषज विज्ञान विभाग, ज्यांग हेल्थ केयर और एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी, हरिद्वार भारत विकास परिषद की पंचपुरी शाखा व इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन के हरिद्वार चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम एकड़ कलां के अंबेडकर भवन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हिमालयन ड्रग्स, शर्मा आयुर्वैदिक फामेर्सी एवं अन्य समाज सेवी संस्थाओं तथा फार्मास्यूटिकल कंपनियों ने अपना विशेष योगदान दिया।
शिविर में भेषज विज्ञान विभाग के अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों डीफॉर्मा, बीफार्मा और एमफार्मा के विभिन्न छात्रों ने फार्मासिस्ट के रूप में अपनी भूमिका निभाई तथा सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा में अपने योगदान के द्वारा वहां के ग्रामीणों को अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर का ग्राम एक्कड़ कला तथा एक्कड़ खुर्द के 200 से अधिक ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य से संबंधित परामर्श प्राप्त किया तथा अपनी बीमारियों से संबंधित निशुल्क जांच एवं आवश्यक दवाएं प्राप्त की।
शिविर के दौरान ज्यांग हेल्थ केयर एंड एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ सुमित कुमार, डॉक्टर जया एवं अन्य डॉक्टर ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में योगाचार्य डॉ दीप शिखा सिंह ने ग्रामीणों को योग के द्वारा रोगों के उपचार के बारे में बताया स इसके साथ-साथ ऋषिकुल कैंपस, हरिद्वार के विभिन्न विभागों के डॉक्टरो ने भी इस कार्यक्रम में अपनी सेवाएं प्रदान की।
इस अवसर पर भेषज विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विपिन कुमार ने बताया कि यह विभाग हरिद्वार के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिवर्ष इस तरह के कार्यक्रम विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के साथ आयोजित करता रहता है, जिससे छात्रों को ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होने का अवसर मिलता है।
कार्यक्रम के दौरान विभाग के अन्य शिक्षक डॉ. दीपक नेगी, डॉ राजेंद्र यादव, ओपी जोशी, राघव दीक्षित, डॉक्टर प्रिंस प्रशांत शर्मा, समाजसेवी जगदीश लाल पाहवा, ओपी गुप्ता, संजय कुमार, प्रोफेसर विवेक कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

# एसडीआरएफ ने बर्फबारी में फंसे 25 लोगों ने बाहर निकाला

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बारिश और बर्फबारी जहां पर्यटकों के लिए मौज मस्ती है वहीं कइयों के लिए यह समस्या बन जाती है। बर्फ का आनंद लेने गए पर्यटक वाहन समेत फंस गए और फिसलन के कारण उनके वाहन नही निकल पा रहे थे।
चकराता थाना ने एसडीआरएफ को इसकी जानकारी दी गई कि त्यूणी मोटर मार्ग पर चकराता से लगभग 12 किलोमीटर आगे एक वाहन बर्फबारी से फंस गया है जो निकल नहीं पा रहा है। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां लगभग छह-सात वाहन फंसे हुए दिखाई दिए। टीम ने इन वाहनों को सुरक्षित किनारे लगवाकर अन्य वाहनों के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।



## संपादकीय

# बड़ी सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं'

**हर बड़ा** व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं' मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए ' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है' जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है' यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है'

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं' सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए'इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है' और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है' भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है'ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है।

# अपने-अपने भारत रत्न



-डॉ. सत्यवान सौरभ

"अपना सर्वस्व न्यौछावर करके देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ जाने वाले अमर शहीद भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव को भारत रत्न क्यों नहीं दिया जाना चाहिए? क्या भारत रत्न जैसे सम्मान भी अब सरकारी हो गए हैं? जब सत्ता में एक पार्टी रहती है, तो वो अपने लोगों को सम्मानित करती है और जब दूसरी आती है, तो वो अपनों को इस सम्मान के लिए चुनती है। भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दशकों से विवादों में रहा है, क्या टाइमिंग के हिसाब से, पक्षपात या कई बार उसे राजनीतिक पार्टियां अपने वोट बैंक के हिसाब से इस अवार्ड को भुनाने की कोशिश करती हैं, तब जब यह सम्मान राष्ट्रीय सेवा के लिए दिया जाता है। इन सेवाओं में कला, साहित्य, विज्ञान, सार्वजनिक सेवा और खेल शामिल है"

**भारत रत्न पु**रस्कार की चयन पद्धति क्या हो, निर्णय की प्रणाली क्या हो, इसमें कौन-कौन से लोग शामिल होने चाहिए? अभी इस पर बात नहीं हो रही है। अब तक जिन हस्तियों को भारत रत्न मिल चुका है। हम उनकी प्रतिष्ठा पर सवाल नहीं उठाते। लेकिन एक प्रश्न जरूर है कि माँ भारती के वो लाडले आखिर हर बार क्यों छूट जाते है जिनको देश की जनता दिल से भारत रत्न मानती है। हमारे देश में कलंकितों और घोटालेबाजों को भी खैरात की तरह सम्मान बांटे जाने का इतिहास है। ऐसे में सवाल लाजिम है कि क्या इसमें भी प्रलोभन चलते हैं और लाबिंग होती है? अपना सर्वस्व न्यौछावर करके देश की आजादी के लिए के लिए हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ जाने वाले अमर शहीद भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव को भारत रत्न क्यों नहीं दिया जाना चाहिए? क्या भारत रत्न जैसे सम्मान भी अब सरकारी हो गए हैं? जब सत्ता में एक पार्टी रहती है, तो वो अपने लोगों को सम्मानित करती है और जब दूसरी आती है, तो वो अपनों को इस सम्मान के लिए चुनती है। जिसकी भी सरकार होती है वो अपने लाभ-हानि के हिसाब से अपने-अपने भारत रत्न प्रदान करती है। इस पुरस्कार को लेकर संसद में एक कानून बनाकर एक दिशा-निर्देश तय किए जाने की आवश्यकता है जिसमें सिर्फ सरकारी कर्मचारियों के निर्णय के अलावा विपक्षी पार्टियों और गैर सरकारी संस्थानों के अधिकारियों को शामिल किया जाना चाहिए। तभी इस सर्वोच्च सम्मान की प्रतिष्ठा शिखर पर रहेगी। भारत की जिन विभूतियों ने अपनी ज़िन्दगी में भारत रत्न के पैदा होने से पहले ऐसा रुतबा हासिल कर लिया हो तो क्या उन नामों को इस सम्मान से परे रखा जाना चाहिए? आप पूछेंगे कि यह सवाल क्यों किया जा रहा है? यह सवाल इसलिए पूछे जा रहे हैं क्योंकि भारत रत्न के मामले में कुछ ऐसी गलतियां हुई हैं जिसके बाद यह सवाल भारत रत्न की हर घोषणा के साथ ज़िन्दा हो जाता है। देश के लिए अपनी जान तक न्योछावर करने वालों को शहीद का दर्जा देने में मुश्किलों का पहाड़ खड़ा करें और जब अपनी ही सरकार में सरकार के शीर्ष नेता को भारत रत्न मिले तो हजारों प्रश्न स्वयं पैदा हो जाते है। 21वीं सदी का भारत जागृत भारत है, यहां का प्रत्येक नागरिक अब चाहने लगा है कि समाज के नायकों को राष्ट्रीय फलक पर प्राथमिकता दी जाय, लेकिन जब कभी उन्हें लगने लगता है कि उन्हें हाशिए पर डाला जा रहा है या पक्षपात हो रहा है, तब ऐसे मुद्दे उठ खड़े होते हैं और विवाद की परिधि में आ जाते हैं। देश में सबसे बड़ा सम्मान भारत रत्न को माना जाता है। अपने क्षेत्र में देश के लिए कुछ करने जिसकी वजह से परिवर्तन आया हो। उसे देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया जाता है। ये सम्मान उसे दिया जाता है जिसने अपने क्षेत्र में असाधारण या सर्वोच्च सेवा दी हो। ये सम्मान राजनीति, कला, साहित्य, विज्ञान के क्षेत्र में किसी वैचारिक, वैज्ञानिक, उद्योगपति, लेखक और सामाज सेवी को दिया जाता है। ऐसे में खुदी राम बोस से लेकर बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे 20वीं सदी के नेताओं में किन्हीं के नाम को छोड़ने का औचित्य नहीं बनता। इसी तरह से 19वीं सदी में भी रानी लक्ष्मी बाई, राजा राम मोहन राय जैसे नामों को कैसे छोड़ा जा सकता है? फिर यह सिलसिला रुकेगा भी नहीं। अतीत में जाने का कोई अंत नहीं रह जाएगा। फिर, यह सवाल खत्म कैसे होंगे? भारत रत्न देने की प्रथा सीधी रही है; प्रधान मंत्री भारत के राष्ट्रपति को नामों की सिफारिश करते हैं, जो फिर ऐसे नामांकन स्वीकार करते हैं। लेकिन 2 जनवरी, 1954 के भारत के आधिकारिक गजट नोटिफिकेशन में इस प्रक्रिया का कोई उल्लेख नहीं है, जिसने भारत रत्न की स्थापना की। सम्मान को मरणोपरांत प्रदान करने की अनुमति देने के लिए 15 जनवरी, 1955 को जारी एक अतिरिक्त अधिसूचना में भी इसके प्रक्रियात्मक पहलू का उल्लेख नहीं किया गया था। इसलिए, वह प्रक्रिया जिसके तहत प्रधान मंत्री या कैबिनेट भारत रत्न प्रदान करने के लिए राष्ट्रपति के पास नाम नामांकित करते हैं, एक परंपरा है न कि देश का कानून। इस मुद्दे पर आलोचना के साथ-साथ चुप्पी भी कई स्तरों पर देखने को मिलती है लेकिन चयन पद्धति क्या हो, निर्णय की प्रणाली क्या हो? इसमें कौन-कौन से लोग शामिल होने चाहिए? अभी इस पर बात नहीं हो रही है। वर्तमान सरकार कई पुरानी प्रणालियों को ध्वस्त करती दिखी है तो उसे इसके लिए भी एक प्रणाली विकसित करनी ही चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा लोगों द्वारा इसे मान्यता मिले और यह शिखर सम्मान आलोचना से वंचित रहे। अब तक जिन हस्तियों को भारत रत्न मिल चुका है। हम उनकी प्रतिष्ठा पर सवाल नहीं उठाते। लेकिन एक प्रश्न जरूर है कि माँ भारती के वो लाडले आखिर हर बार क्यों छूट जाते है जिनको देश की जनता दिल से भारत रत्न मानती है? हमारे देश में कलंकितों और घोटालेबाजों को भी खैरात की तरह सम्मान बांटे जाने का इतिहास है। ऐसे में सवाल लाजिम है कि क्या इसमें भी प्रलोभन चलते हैं और लाबिंग होती है? अपना सर्वस्व न्यौछावर करके देश की आजादी के लिए के लिए हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ जाने वाले अमर शहीद भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव को भारत रत्न क्यों नहीं दिया जाना चाहिए? क्या भारत रत्न जैसे सम्मान भी अब सरकारी हो गए हैं? जब सत्ता में एक पार्टी रहती है, तो वो अपने लोगों को सम्मानित करती है और जब दूसरी आती है, तो वो अपनों को इस सम्मान के लिए चुनती है। भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दशकों से विवादों में रहा है, क्या टाइमिंग के हिसाब से, पक्षपात या कई बार उसे राजनीतिक पार्टियां अपने वोट बैंक के हिसाब से इस अवार्ड को भुनाने की कोशिश करती हैं, तब जब यह सम्मान राष्ट्रीय सेवा के लिए दिया जाता है। इन सेवाओं में कला, साहित्य, विज्ञान, सार्वजनिक सेवा और खेल शामिल है।खेल को सबसे पहले किसी खिलाडी के लिए ही नियम में बदलाव कर इसे भारत रत्न खेल श्रेणी को जोड़ा गया और दिया गया। और यहीं से एक नए विवाद और विरोध की भी शुरूआत हुई। क्या इससे पहले खेलों में कोई प्रेरक व्यक्तित्व या खिलाडी नहीं था? जिस खिलाडी को ये भारत रत्न मिला उनकी काबिलियत पर कोई शक नहीं लेकिन उनके मुकाबले खेलों के जिस जादूगर की अनदेखी की गई वो बेहद दुखद रही। आखिर क्यों नेता जी सुभाष चन्द्र बोस, शहीद-ए-आजम भगत सिंह, डॉ. राम मनोहर लोहिया, हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को आज तक भारत रत्न नहीं। अवसरवादी राजनीति ने यह स्थिति पैदा की है। इस अवसरवाद ने भारत रत्न की नींव ही हिला दी। अगर भारत रत्न की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाना है तो हमें इस दिशा में सोचना ही होगा। अन्यथा ये सवाल उठते रहेंगे कि भगत सिंह, खुदीराम बोस, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी जैसे सपूत क्यों भारत रत्न से दूर रहे? हमें ये साफ कर देना चाहिए कि इन सपूतों ने अपने जीवन में जो हासिल कर लिया, उसके सामने कोई भी सम्मान बड़ा नहीं है। ये सपूत पहले महान बने, भारत रत्न बाद में पैदा हुआ। दरअसल भारत रत्न इस तरह के सेवा कार्यों के लिए ही दी जानी चाहिए जिससे कि किसी भी स्तर पर लाखों लोग लाभान्वित हों और प्रेरणा पा सकें। देश का यह सर्वोच्च नागरिक सम्मान आखिर किसे दिया जाए इसके लिए कोई वैधानिक प्रक्रिया तो होनी चाहिए जिससे कि इस सम्मान का एक आदरणीय स्थान बना रहे। क्योंकि इससे देश के सभी वर्गों की आकांक्षाएं जुड़ी हैं लेकिन ऐसा हो नहीं पाता। जिसकी भी सरकार होती है वो अपने लाभ-हानि के हिसाब से अपने-अपने भारत रत्न प्रदान करती है। एक कानून बनाकर एक दिशा-निर्देश तय किए जाने की आवश्यकता है जिसमें सिर्फ सरकारी कर्मचारियों के निर्णय के अलावा विपक्षी पार्टियों और गैर सरकारी संस्थानों के अधिकारियों को शामिल किया जाना चाहिए।



## कविता

कितना अजनबी,पराया सा दिखता
है वो।

कितना अजनबी,पराया सा दिखता है वो।
अपनी सांसों में छुपा रखता है वो।

रोजाना रूबरू हो न नहो फिर भी।
जेहन में बसा रखता है वो।

कितनी मासूम है माशूका शायद ।
जाते वक़्त वजूद छोड़ अपना जाता है
वो।।

बेरुखी का आलम तो देखिए साहेब।
ख्यालों से अपने भिगा जाता है वो।।

इश्क तो रूहानी रिश्ता है जनाब ।
झुकता मैं हूं,सजदे करा जाता है वो।।

महकती रहे महकती सांसों की डोर,
धमनियों में लहू सा बहता रहता है वो।।

उसकी नेकी का सिला देखिये संजीव।
मुझ फकीर से याराना रखता है वो।।

संजीव ठाकुर

# 2024 की लड़ाई- बिजली पानी शिक्षा पर आई

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश भारत में लोकसभा चुनाव 2024 की बिगुल करीब करीब बज ही गया है।मेरा मानना है कि करीब अप्रैल 2024 में संभावित सात चरणों में लोकसभा चुनाव शुरू होंगे इसका अंदेशा इसी से लगाया जा रहा सकता है कि, कुछ समय से लाखों हजारों करोड रुपए की योजनाओं का पिटारा खोला जा रहा है। विशेष रूप से अंतरिम बजट 2024 में बिजली जो हर व्यक्ति के जीवन का जरूरी अंग बन गया है उसके बारे में रूफटॉप सोलर योजना के बारे में कहा गया है जिसका उल्लेख माननीय पीएम ने 22 जनवरी 2024 को पीएम सूर्योदय योजना शुरू करने के लिए एक बैठक की अध्यक्षता कर एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य रखा था, जिसे अब बजट 2024 में उतारा गया है, इसी का उल्लेख माननीय पीएम ने आज दिनांक 4 फरवरी 2024 को असम के गुवाहाटी दौरे पर 11 हजार करोड़ की योजनाओं की घोषणा करते हुए देशवासियों के घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल 300 यूनिट तक शून्य करने पर काम शुरू होने की बातें कही। बता दें यह बिजली पानी शिक्षा फ्री करने की दूर की कौड़ी अन्ना हजारेआंदोलन से लेकर शुरू हुई थी जिसे कर्मठ कार्यकर्ता दिल्ली के सीएम ने पहली बार दिल्ली में फिर पंजाब में भी उतार कर काफी प्रशंसा बटोरी थी। अब हर राज्य व केंद्र सरकार की बिजली शिक्षा पानी फ्री करने सर्वाधिक तेजी से काम कर रहे हैं।यानें इस मुद्दे को राजनीतिक दलों द्वारा लपकना जनता के लिए काफी फायदेमंद सौदा साबित हुआ है। इसलिए रूफटॉप सोलर योजना को एक करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का काम तेजी से शुरू होगा। मेरा मानना है किलोकसभा चुनाव 2024 की कवायत अब जीतने के लिए नहीं बल्कि रिकॉर्ड 400 प्लस सीटें बनाने के लिए की जा रही है, क्योंकि जीतना तो करीब निश्चित हो चुका है पर देखना यह है कि 400 प्लस और 50 फीसदी से अधिक वोटिंग का टारगेट होता है या नहीं। चूंकि आज पीएम ने फिर 300 यूनिट्स बिजली बिल शून्य पर काम शुरू होने की बात कही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, रूफटॉप सोलर योजना भारत में एक करोड़ घरों के छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने से शून्य बिजली बिल का मार्ग प्रशस्त होगा।

साथियों बात अगर हम रूफटॉप सोलर पैनल और सब्सिडी की करें तो, यह घर की छत पर लगाए जाते हैं। इन पैनलों में सोलर प्लेट लगी होती है। यह ऐसी तकनीक है जो सूर्य की किरणों से ऊर्जा सोखकर बिजली प्रोड्यूस करती है। पैनल में फोटोवोल्टिक सेल्स लगे होते हैं जो सौर ऊर्जा को बिजली में तब्दील कर देते हैं। यह बिजली वही काम करती है जो पावर ग्रिड से आई बिजली करती है।

## विचार

# केजरीवाल के पास ईमानदारी साबित करने का सुनहरा अवसर

**आशीष वशिष्ठ**

**दिल्ली के** मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के समन को पांच बार अस्वीकार कर चुके हैं। यह संविधान को अस्वीकार करना और उसका उल्लंघन करना ही है। ईडी दिल्ली ह्यशराब घोटाले के बारे में केजरीवाल से पूछताछ करना चाहती है। लेकिन स्वंय को कट्टर ईमानदारी को प्रमाण पत्र देने वाले कट्टर ईमानदार केजरीवाल जांच का सामना करने की बजाय राजनीतिक प्रपंच कर रहे हैं। केजरीवाल सरकार पर औषधि से लेकर मदिरा तक, शिक्षा से लेकर कक्षा तक और मोहल्ला क्लिनिक के लैब टेस्ट तक में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जब शराब घोटाले के आरोप लगे थे, तब आम आदमी पार्टी ने ईडी की कार्रवाई का समर्थन किया था। मगर केजरीवाल स्वयं ईडी के नोटिस को अस्वीकार कर रहें हैं। 17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। विपक्ष का आरोप है कि नई शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान हुआ। प्रश्न यह है कि, अगर शराब घोटाले में केजरीवाल का हाथ नहीं है, तो वह क्यों जांच में शामिल होने से घबरा रहे हैं? अगर शराब घोटाला हुआ ही नहीं, तो पॉलिसी में बदलाव क्यों किया और नई नीति क्यों लाई गई? केजरीवाल तो कई बार कह चुके हैं कि प्रधानमंत्री मोदी उनसे डरते हैं, लिहाजा चुनावों में निष्क्रिय करने के मद्देनजर ईडी जांच और जेल के जाल बिछाए जा रहे हैं। केजरीवाल शराब घोटाले को लेकर स्वयं को निर्दोष मानते हैं, इसलिए घोटालों के आरोपों का स्पष्टीकरण नहीं दे रहे हैं। केजरीवाल के उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया बीते 11 माह से, शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोपों के कारण, कारागार में हैं। उनकी जमानत के तर्क सर्वोच्च न्यायालय तक अस्वीकार कर चुका है। केजरीवाल की पार्टी के ही राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी घोटालों के आरोपों और साक्ष्यों के मद्देनजर कारागार में बंद हैं। यदि इतने महत्त्वपूर्ण साथी कारागार में हैं, तो क्या उन्होंने शराब नीति का निर्णय स्वयं ही लिया था? प्रश्न यह भी है कि कैबिनेट की बैठकों की अध्यक्षता किसने की थी? कारागार वाले साथियों ने शराब माफिया के कुछ चेहरों को, जो कारागार में बंद हैं, मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास पर उनसे मिलवाया था, तो उसके प्रयोजन क्या थे? जिस मनी ट्रेल की ओर सर्वोच्च न्यायालय ने भी संकेत किए हैं, क्या मुख्यमंत्री और ह्यआपह्न के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर केजरीवाल उसमें संलिप्त नहीं थे? आम आदमी पार्टी ये दावा कर रही है कि जो शराब नीति उसने बनाई थी वही हरियाणा में भी चल रही है। लेकिन मोदी सरकार उसे निशाना बना रही है। अगर ऐसा है तो आम आदमी इसका पदार्फाश क्यों नहीं करती। सिर्फ ये कहने से काम नहीं चलेगा कि मोदी सरकार केजरीवाल सरकार को निशाना बना रही है। क्या बीजेपी आम आदमी पार्टी को इसलिए टारगेट कर रही है कि ये मोदी सरकार के खिलाफ बहुत ज्यादा मुखर है. और बड़े ही आक्रामक अंदाज में मोदी और अमित शाह जैसे बड़े नेताओं पर आरोप लगाती है? आम आदमी पार्टी सभी को भ्रष्ट बताती रही है। इनमें राहुल गांधी, शीला दीक्षित, सोनिया गांधी, अदानी और अंबानी सभी शामिल हैं। लेकिन इनके खिलाफ उसके पास सुबूत कभी नहीं रहे। अब वही आम आदमी पार्टी कह रही है कि बगैर सुबूत के उसके नेताओं को जेल में भरा जा रहा है। लेकिन ये भी सही है कि अगर इन नेताओं के खिलाफ सुबूत नहीं थे तो अदालतों ये केस इतने दिनों तक कैसे टिकते। शराब घोटाले में सीबीआई और ईडी अब तक 15 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। इसमें संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, विजय नायर, समीर महेंद्रू, अरुण रामचंद्रन, राजेश जोशी, गोरन्तला बुचिबाबू, अमित अरोड़ा, फ्रांसीसी शराब कंपनी पर्नोड रिकार्ड के महाप्रबंधक बेनॉय बाबू, पी सरथ चंद्र रेड्डी, अरबिंदो फार्मा के पूर्णकालिक निदेशक और प्रमोटर, व्यवसायी अमनदीप धाल और व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली शामिल हैं। इस मामले में एजेंसिया 80 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी हैं। इनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस नेता के. कविता भी शामिल हैं। कविता तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। केजरीवाल से सीबीआई ने पूछताछ की थी।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# परीक्षाओं में अनुचित साधनों (नकल) का प्रयोग

**विजय गर्ग**

**शिक्षा** प्रणाली एक उपकरण है जो लोगों को उनकी प्रतिभा और रुचि के अनुसार उत्पादक जीवन जीने में सक्षम बनाती है। शिक्षा प्रणालियों को पूरी तरह से प्रभावी बनाने के लिए व्यक्ति को स्वतंत्रता और नेतृत्व का प्रशिक्षण देना होगा। साथ ही, इसे एक प्रगतिशील और लोकतांत्रिक समाज के निर्माण के लिए आवश्यक सभी व्यावसायिक क्षमताओं के विकास का प्रावधान करना चाहिए। युवाओं को दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता उनके दृष्टिकोण के निर्माण में काफी हद तक योगदान करती है। इसलिए जो भी प्रकार की शिक्षा प्रदान की जाएगी वह स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से निकलने वाले शिक्षित युवाओं की गुणवत्ता और प्रकृति का निर्धारण करेगी। शिक्षा एक महान निमार्ता है और यदि यह अपर्याप्त या पतनशील है तो यह विध्वंसक भी हो सकती है। शिक्षा में ऐसी कमियों या कमी का प्रमाण इतिहास है। ग्रीस और रोम एक समय विश्व नेता थे क्योंकि ये शिक्षा और शिक्षा के महान केंद्र थे। लेकिन जब इन केंद्रों का अस्तित्व समाप्त हो गया तो इसके परिणामस्वरूप इन साम्राज्यों का पतन हो गया। यदि वर्तमान शिक्षा प्रणालियों का मूल्यांकन किया जाए तो वे भी विभिन्न कमियों और दोषों से ग्रस्त हैं, हालाँकि अभी भी कई अपवाद हैं। बहरहाल, परीक्षाओं के दौरान आम तौर पर होने वाली गड़बड़ियों पर ध्यान देने और उन्हें खत्म करने की जरूरत है। ये कदाचार पूर्व-आचरण, आचरण और मूल्यांकन चरणों में होते हैं और प्रश्नपत्रों के लीक होने से लेकर नकल करने, उत्तर पुस्तिकाएं बदलने, प्रतिरूपण, परीक्षा केंद्र में कदाचार, पर्यवेक्षकों/परीक्षकों के पास जाने, पुरस्कार सूची/परीक्षा रजिस्टरों में गलत प्रविष्टियाँ करने और जारी करने तक शामिल हैं। फर्जी प्रमाणपत्र/डिग्री आदि। परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग एक प्रवृत्ति है जो जल्द ही समाप्त होने वाली नहीं है। शिक्षा की पूरी प्रणाली परीक्षाओं के इर्द-गिर्द घूमती है जो प्रणाली की सफलता या विफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वे छात्रों की सफलता या विफलता के बैरोमीटर भी हैं। परीक्षाओं में नकल और अन्य अनुचित साधनों/कदाचारों का सहारा एक गंभीर समस्या है।

# पलटीश कुमार की जय

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**जब कोई गेंद** किसी दीवार से टकराती है, तो टकराव में दोनों सतहों पर परमाणुओं और अणुओं की परस्पर क्रिया शामिल होती है। ये परमाणु और अणु विद्युत चुम्बकीय बलों द्वारा एक साथ बंधे होते हैं, जो उनकी स्थिति, अभिविन्यास और बंधन ऊर्जा निर्धारित करते हैं। इन विद्युत चुम्बकीय अंतःक्रियाओं की ताकत और प्रकृति शामिल परमाणुओं और अणुओं के प्रकार, साथ ही उनके आवेशों, द्विध्रुवीय क्षणों और अन्य गुणों पर निर्भर करती है। टक्कर के दौरान, गेंद और दीवार के परमाणुओं और अणुओं के बीच विद्युत चुम्बकीय संपर्क होने वाली विकृति की प्रकृति और सीमा निर्धारित करते हैं। जब गेंद दीवार से टकराती है, तो गेंद की सतह और दीवार की सतह संपर्क में आती है, और दोनों सतहों में परमाणुओं और अणुओं के बीच विद्युत चुम्बकीय बल उनके परस्पर क्रिया और विरूपण का कारण बनते हैं। विरूपण में शामिल बलों की दिशा और परिमाण के आधार पर संपीड़न, झुकने, कतरनी या अन्य प्रकार के तनाव शामिल हो सकते हैं। टकराव के दौरान संग्रहीत और जारी होने वाली ऊर्जा की मात्रा विरूपण की प्रकृति और सीमा पर निर्भर करती है, जो बदले में गेंद और दीवार के परमाणुओं और अणुओं के बीच विद्युत चुम्बकीय बातचीत पर निर्भर करती है। यदि विरूपण लोचदार है, जिसका अर्थ है कि टकराव के बाद परमाणु और अणु अपनी मूल स्थिति और अभिविन्यास पर लौट सकते हैं, तो टक्कर के दौरान गेंद से दीवार पर स्थानांतरित होने वाली अधिकांश ऊर्जा को लोचदार संभावित ऊर्जा के रूप में संग्रहीत किया जाएगा। गेंद और दीवार. यह संभावित ऊर्जा रिबाउंड के दौरान जारी की जा सकती है, जिससे गेंद अपनी कुछ मूल गतिज ऊर्जा के साथ वापस उछलती है। यदि विरूपण बेलोचदार है, जिसका अर्थ है कि टक्कर के बाद परमाणु और अणु अपनी मूल स्थिति और अभिविन्यास पर वापस नहीं लौट सकते हैं, तो टक्कर के दौरान गेंद से दीवार पर स्थानांतरित की गई कुछ ऊर्जा गर्मी या अन्य रूपों के रूप में नष्ट हो जाएगी। ऊर्जा। इसका मतलब यह है कि पलटाव कम ऊजार्वान होगा, और गेंद अपनी कुछ मूल गतिज ऊर्जा खो देगी।

## न्यूज फ्लैश

### करंट लगने से किसान की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले** के गांव गोंदर में एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। किसान खेत में ट्यूबवेल चलाने के लिए गया था, लेकिन जैसे ही वह मोटर चलाने लगा तो उसे करंट लग गया और मौके पर ही किसान की मौत हो गई। मृतक किसान 49 वर्षीय लाल सिंह के भाई पवन ने बताया कि रविवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे लाल सिंह हमारे साथ खेत में गया था। लाल सिंह ने कहा कि मैं ट्यूबवेल चलाकर आता हूं, तब तक तू काम कर ले, लेकिन जब करीब 30 मिनट तक वह वापस नहीं आया और न ही ट्यूबवेल चला तो उसने लाल सिंह को आवाज दी। उसका कोई जवाब नहीं आया। जब लाल सिंह की तरफ से खेत के कमरे से कोई आवाज नहीं आई तो वह मौके पर गया। कमरे में मोटर की बिजली की तारों के ऊपर लाल सिंह पड़ा था। इसके बाद उन्होंने तुरंत ट्रांसफॉर्मर से बिजली को बंद किया और लाल सिंह को उठाया। उसे तुरंत निसिंग के अस्पताल में लेकर आया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पवन ने बताया कि लाल सिंह के पास खुद की जमीन नहीं थी। वह हर वर्ष जमीन ठेके पर लेकर ही खेती करता था और अपने परिवार का पालन पोषण करता था। लेकिन, इस हादसे के बाद पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया।

निसिंग थाना प्रभारी जंगशेर सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के उपरांत परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

### 'नशे की बुराई को खत्म करने के लिए जिला से लेकर गांव स्तर तक की टीमों को किया जाए सक्रिय'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। उपायुक्त अनीश** यादव ने जिला में नशे जैसी सामाजिक बुराई खत्म करने के लिए डिस्ट्रिक्ट मिशन टीम, सब डिवीजनल टीम, क्लस्टर टीम, क्लस्टर मिशन टीम, वार्ड मिशन टीम, विलेज मिशन टीम सक्रिय करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त संचालित नशा मुक्ति केंद्रों को प्रयास ऐप पर रजिस्टर करने के भी निर्देश दिए ताकि शीघ्र अति शीघ्र नशे से ग्रस्त मरीजों का डाटा ऑनलाईन किया जा सके।

उपायुक्त सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में नारकोटिक्स समन्वय केंद्र (एनकोर्ड) की मासिक बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नशा जैसी सामाजिक बुराई को जिले में किसी भी सूरत में पनपने न दिया जाए, इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एक्शन मोड में कार्य करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस, स्वास्थ्य, पंचायत, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, खेल विभाग, रेड क्रॉस सोसाइटी व नेहरू युवा केंद्र के अधिकारी ज्वाइंट एक्शन प्लान के अनुसार नशा ग्रसित गांवों में जागरूकता कैंप लगाएँ और नशा से ग्रसित लोगों की पहचान करके नशा मुक्ति केन्द्र में इलाज करवाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने ड्रग कंट्रोल अधिकारी तथा सीएमओ को निर्देश दिये कि वो कैमिस्ट की दुकानों पर रेड बढ़ाएं और कमी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाएं। इसके अलावा साथी ऐप पर कैमिस्ट की दुकानों को रजिस्टर करवाना भी सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि नशा मुक्ति केन्द्रों की नियमित रूप से जाँच की जाए और केन्द्रों में चैकलिस्ट भी लगाई जाए और इसकी एक प्रति अधिकारियों को भी उपलब्ध करवाई जाए, ताकि सही तरीके से चैकिंग की जा सके। उन्होंने साथी ऐप के बारे में सुझाव दिया कि ड्रग कंट्रोल अधिकारी द्वारा कैमिस्टों की बैठक ली जाए और उनको ऐप पर पंजीकरण करवाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रहरी योजना के तहत गांव-गांव में नशा से ग्रस्त मरीजों की पहचान की जा रही है और उनको ईलाज के लिए नशा मुक्ति केंद्रों पर पहुँचाया जा रहा है।

# गांव सालवन के एक मकान में चोरों ने चोरी कर लगाई आग

## बेटी की शादी के लिए रखे गहने लेकर हुए फरार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले** के सालवन गांव में पहले तो चोर ताला तोड़कर घर में घुसे, चोरी की और चोरी के बाद घर को आग के हवाले कर दिया। घर में बेटी की शादी के लिए रखे गहनों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। महिला करीब दो महीने से करनाल में अपनी देवरानी के पास रह रही थी।



आगजनी की सूचना मिली तो वह करनाल से लौटी और अपने घर के हालात देख फूट-फूट कर रोने लगी। पीड़िता ने प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है और चोरों को पकडकर सामान बरामद करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सालवन निवासी नवीता पत्नी स्वर्गीय रघुबीर सिंह काफी समय से बीमार रहती है। वह करनाल की बालाजी कॉलोनी में अपने देवर कोरा पहलवान के पास गई हुई थी, वहीं पर उसने दवाई ली और ठीक हो गई। वह करीब दो-ढाई महीने से करनाल में ही रह रही थी, क्योंकि उसकी देवरानी का सिर का ऑपरेशन हुआ था। उन्हें रोज चंडीगढ़ चेकअप के लिए जाना पड़ता है। उसकी देखभाल के लिए वह वहीं रह रही थी। नवीता ने बताया कि उसके पास दो लडकी और एक 12 साल का लडका है, जो पांचवीं में पढ़ता था, लेकिन आर्थिक तंगी की वजह से उसकी पढ़ाई छूट गई। एक लडकी की शादी हो चुकी है, जबकि दूसरी लडकी राजस्थान में प्राइवेट जॉब करती है। दूसरी बेटी की शादी के लिए ही उसने गहने बनवाकर रखे हुए थे, ताकि शादी में अपनी बेटी को कुछ दे सके। पीड़िता के भतीजे बिजेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार रात को वह अपने घर में सोए हुए थे। तभी रात को किसी पड़ोसी ने उनका दरवाजा खटखटाया और बताया कि उसके चाचा रघबीर के घर में आग लगी हुई है। जब मौके पर पहुंचे तो घर में आग लगी हुई थी और चारों तरफ धुआं ही धुआं फैला हुआ था। पड़ोस के लोग मौके पर एकत्रित हो चुके थे। उन्होंने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। फायर ब्रिगेड और पुलिस को भी कॉल किया गया था। 20 मिनट बाद ही फायर की गाड़ी मौके पर पहुंच गई थी।

### नाबालिग संदिग्ध परिस्थिति में हुई लापता, पिता बोला-बेटी की मानसिक हालत ठीक नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। पुलिस** थाना 32-33 के अंतर्गत आने वाली एक कॉलोनी से संदिग्ध हालातों में नाबालिगा लापता हो गई। नाबालिगा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। परिजनों ने तलाश करने के बाद मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता उत्तर प्रदेश के बेगुसराय जिला के एक गांव का रहने वाला है। वह बीते कई वर्षों से करनाल की एक कॉलोनी में रह रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि बीती 22 जनवरी की सुबह करीब साढ़े 10 बजे उसकी नाबालिग पुत्री संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसकी बेटी की मानसिक स्थिति सही नहीं है। उन्होंने आसपास के एरिया में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उसकी बेटी ने हरे रंग का सूट पहना हुआ है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी को सभी रिश्तेदारियों में ढूंढा, लेकिन उसका कहीं अता-पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस को की है।

पीड़ित ने शिकायत में बताया कि उनकी बेटी की उम्र 16 साल है और मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है।

उन्हें डर है कि बेटी के साथ कुछ अनहोनी न हो जाए। बेटी की तलाश में वह दिन-रात जुटे हुए हैं। पुलिस थाना 32-33 के जांच अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि नाबालिगा के लापता होने की शिकायत मिली है। नाबालिगा 22 जनवरी को लापता हुई थी, लेकिन परिवार ने शिकायत आज दी है

## 'एक से 30 जनवरी तक पुलिस विभाग ने 13177 और आरटीए ने किए 260 चालान'

### 42 लाख 39 हजार और एक करोड़ 20 लाख 72 हजार 500 रुपये का किया गया जुमार्ना

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिला सडक** सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को जिला सचिवालय में उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें पिछली बैठक के 16 और आज की बैठक की कार्यसूची के 12 बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें बताया गया कि इस साल एक से 30 जनवरी तक पुलिस विभाग द्वारा 13177 और आरटीए द्वारा 260 चालान किये गये। इनके एवज में क्रमशः 42 लाख 39 हजार और एक करोड़ 20 लाख 72 हजार 500 रुपये जुमार्ना किया गया। गत वर्ष के मुकाबले इस साल सडक सुरक्षा नियमों की सख्ती से पालना के कारण जिला करनाल में गंभीर दुर्घटनाओं में 14 प्रतिशत की कमी आई है।

बैठक में बताया गया कि पुलिस महकमे की तरफ से ओवर स्पीड के 378, बिना हेलमेट के 4209, नशा करके गाड़ी चलाने पर 5, बिना आरसी के 326, बिना लाइसेंस के 354, बिना नंबर प्लेट के 100, लेन बदलने के 3632, दुपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाने के 45, गलत दिशा में वाहन चलाने के 535, गलत पार्किंग के 1619, लाल बत्ती पार करने के 1475, बिना थर्ड पार्टी इंश्योरेंस के 20, बिना वायु प्रदूषण प्रमाण पत्र के 15 चालान शामिल हैं। आरटीए द्वारा ओवरलोडेड वाहनों के 260 चालान कर एक करोड़ 20 लाख 72 हजार 500 रुपये जुमार्ना वसूला गया।

गढ़ी बीरबल से यमुनानगर रोड पर बने गहरे गड्ढों के कारण संभावित हादसों को लेकर पिछली बैठक के एजेंडा नंबर 3 के बारे में पीडब्ल्यूडी के डिवीजन नंबर-एक के कार्यकारी अभियंता ने बताया कि जहां जरूरत थी वहां पैचवर्क किया गया है। गांव बधनारा-पुंडरी रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाने बारे पीडब्ल्यूडी डिवीजन-दो के एक्सईएन ने बताया कि यह गांव कैथल जिला में पड़ता है।

### सीजेएम ने किया जेल का निरीक्षण, बंदियों से की बातचीत

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। मुख्य न्यायिक** दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर आज जिला कारागार पहुंची। उन्होंने वहां रह रहे बंदियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने 18 से 22 वर्ष की आयु के सभी बंदियों से बातचीत की, जिनमें से कुछ बंदियों ने बताया कि उनकी आयु 18 वर्ष से कम है। 18 वर्ष से कम आयु के बंदियों के प्रार्थना पत्र लिए गए व उन्हें आयु प्रमाण पत्र सलंग्न करने की हिदायत दी गई, जिससे इन बंदियों के प्रार्थना पत्रों पर कानूनी कार्यवाही की जा सके। इसके अलावा जरूरतमंद बंदियों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करने हेतू प्रार्थना पत्र लिए गए।

## तहसीलों में आमजन से जुड़े कार्यों में तेजी लाएं राजस्व विभाग के अधिकारी: अनीश

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। डीसी** अनीश यादव ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तहसीलों में आमजन से जुड़े कार्यों में तेजी लाए। तहसीलों में रजिस्ट्री, गिरदावरी, जमाबंदी व जाति प्रमाण पत्र से जुड़े कार्यों को समय पर पूरा किया जाए। अधिकारी विशेषतौर पर यह ख्याल रखें कि आमजन को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीसी अनीश यादव बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में राजस्व विभाग की बैठक ले रहे थे। उन्होंने जिले की सभी तहसीलों व उपतहसीलों में लंबित पड़े इंतकाल के कार्य को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि जिले के सरल केंद्र का स्कोर नीचे नहीं आना चाहिए। जो भी कार्य सरल केंद्र के माध्यम से किए जाते हैं, उनका निपटारा तत्काल किया जाना चाहिए। सरल केंद्र में लंबित पड़े मामलों की संख्या शून्य की जाए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसीलों में जाति और आय प्रमाण पत्र के लिए जितने भी आवेदन आते हैं, उन्हें बिना विलम्ब के जारी करने की कोशिश करें। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, असंध के एसडीएम वीरेंद्र सिंह ढुल, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, सीटीएम अमन कुमार, डीआरओ शाम लाल, सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला उपायुक्तों के साथ की समीक्षा बैठक

## लोकसभा के आम चुनाव के दृष्टिगत जिला प्रशासन की तैयारियां पूरी : अनीश यादव

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव ने कहा लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा लगभग सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि अच्छे हालात के भवनों में मतदान केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अलावा ड्यूटी मजिस्ट्रेट, सैक्टर सुपरवाइजर तथा नोडल अधिकारी भी जल्द नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम भी तैयार कर लिया गया है।



उपायुक्त ने हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल को वीसी के दौरान जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा ने सोमवार को वीसी के माध्यम से जिला उपायुक्तों के साथ लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर प्रबंधों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव की तिथि की घोषणा कभी भी हो सकती है, इसलिए सभी समय रहते अपने-अपने जिले में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर लें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि जिन जिलों में सुपरवाइजरों व नोडल अधिकारियों की नियुक्ति नहीं हुई है, उनकी जल्द से जल्द नियुक्ति की जाए और उनको पुलिस पार्टी की भी लिस्ट भी उपलब्ध करवाई जाए, ताकि वे तालमेल के साथ कार्य कर सकें। इसकी रिपोर्ट जल्द से जल्द निर्वाचन कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपने-अपने जिलों में मतदान केंद्रों की चेकिंग करवाएं और वहां सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। भवन की स्थिति की रिपोर्ट भी दें। उन्होंने कहा कि स्ट्रॉंग रूम तथा मतगणना केंद्रों की भी जल्द से जल्द पहचान कर लें। उन्होंने कहा कि हेल्पलाईन नंबर 1950 को पूरी तरह एक्टिव किया जाए।

**नियुक्ति**

**8 इसके अलावा ड्यूटी मजिस्ट्रेट, सैक्टर सुपरवाइजर तथा नोडल अधिकारी भी जल्द नियुक्त किए जाएंगे**

### 10वें सब्जी मेला में पहुंची झज्जर जिले के प्रगतिशील महिला किसान मंजू पुनिया ग्रेवाल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**घरौंडा** में स्थित सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में लगे 2 दिवसीय सब्जी एक्सपो-2024 मेले का सोमवार को समापन हो गया। इस मेले में प्रदेश के सभी जिलों के प्रगतिशील किसानों ने अपने-अपने स्टाल लगाकार मेले में प्रतिभागी किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक किया। इस दौरान झज्जर जिले के सासरोली गांव की महिला प्रगतिशील किसान मंजू पुनिया ग्रेवाल ने भी मेले में अपना स्टाल लगाया और किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक किया।

महिला किसान मंजू पुनिया ग्रेवाल ने बताया कि वह उनके पति श्री सत्यवान ग्रेवाल से प्रेरणा लेकर अपनी पैतृक भूमि लगभग 6 एकड़ में पिछले 10 वर्षों से प्राकृतिक खेती स्वयं कर रही है, जिसके लिए वह कभी-कभी अपने पति की मदद, तो मजदूरों की भी सहायता लेती है। मंजू के पति भी कृषि विभाग, हरियाणा में एस.डी.ओ. के पद पर कार्यरत हैं। मंजू पुनिया ग्रेवाल ने बताया कि उसने अपने खेत में लगभग 2 एकड़ में मल्टी फ्रुट का बाग लगाया हुआ है, जिसमें किन्नू, अंगूर, मौसमी, अमरूद, नींबू व बेर सहित अन्य फलों के पौधे लगाए हुए है। उन्होंने बताया कि वे अपने फार्म पर तकनीकी खेती का प्रशिक्षण भी देती है, जिसमें समय-समय पर विद्यार्थी व किसान भी आते रहते है। मंजू पुनिया ग्रेवाल 2 बार प्रगतिशील किसान के नाम से राज्य स्तर पर 2 बार जिला स्तर पर सम्मानित भी हो चुकी है। मंजू पूनिया ग्रेवाल, ग्रेवाल फार्मिंग के नाम से अपना यूट्यूब चैनल भी चलाती है, जिस पर वे किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने के लिए समय-समय पर वीडियो व ब्लॉग भी डालती रहती हैं।

## लंगर हॉल का लेंटर डालने के कार्य की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

सोमवार को श्री गुरु रविदास मंदिर सदर बाजार में लंगर हॉल का लेंटर डालने के कार्य की शुरूआत की गई। इस शुभ अवसर पर पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, सीएम के निजी सचिव अभिमन्यु व सीएम प्रतिनिधि संजय बठला ने विशेष रूप से शिरकत की। उल्लेखनीय है कि जून 2023 में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने श्री गुरु रविदास सभा की मांग पर भवन निर्माण के लिए 35 लाख रुपए की राशि स्वैच्छिक कोष से देने की घोषणा की थी। भव्य भवन निर्माण होने से समाज के लोगों में खुशी का माहौल है। सभा के प्रधान रोहित जोशी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, रेनू बाला गुप्ता, अभिमन्यु व संजय बठला का आभार व्यक्त किया।

रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की जनता से किए सभी वादों और घोषणाओं को पूरा किया है। सीएम की सोच है कि हर वर्ग को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने पूरे हरियाणा में बिना भेदभाव के एक समान विकास कार्य करवाए हैं। इसी का परिणाम है कि हरियाणा की जनता मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में खुशहाल है। उन्होंने कहा कि कर्ण नगरी में भी अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। शहर की तस्वीर बदल गई है। वह करनाल की जनता की ओर से मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करती हैं।

सीएम के निजी सचिव अभिमन्यु ने प्रदेश की सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं। उनके नेतृत्व में हरियाणा का चहुंमुखी विकास हुआ है। सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिला है। सीएम प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि यह करनाल की जनता का सौभाग्य है कि मनोहर लाल के रूप में उन्हें यशस्वी मुख्यमंत्री मिले हैं।

## सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी ने बीजेपी के एजेंटों को दिखाया आईना

### लोकतंत्र की हत्या के लिए पीठासीन अधिकारी पर चलना चाहिए देशद्रोह का केस, सीएम खट्टर युवाओं को रोजगार देने के लिए गंभीर नहीं, 7 फरवरी को करनाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी आम आदमी पार्टी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। आम आदमी** पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने कहा कि पूरे प्रदेश के युवा त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। रोजगार के लिए भटक रहे हैं। युवाओं की समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी पहले भी अलग अलग प्लेटफार्म पर युवाओं की आवाज उठा चुकी है, फिर भी खट्टर सरकार ने कान पर जूं नहीं रेंग रही। सोमवार को आम आदमी पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2 लाख सरकारी नौकरियों के पद खाली हैं। 6 जनवरी, 2023 को मुख्यमंत्री खट्टर ने आधिकारिक प्लेटफॉर्म से 50,000 सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि यदि सीएम खट्टर ने 50000 तो दूर पिछले एक साल में यदि 1000 नौकरियां भी दी हैं तो उनकी सूची जारी करें, नहीं तो प्रदेश की जनता और युवाओं से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे। उन्होंने कहा कि इसको लेकर आम आदमी पार्टी 7 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। 8 फरवरी को सभी जिलों में प्रेस वार्ता कर बेरोजगारी की स्थिति जनता के सामने रखेंगे। वहीं 9 फरवरी को हर जिले में धरना कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान उनके साथ आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष यादव, दलविंदर चीमा, बलविंदर, प्रवीण फोर और रामपाल बजीदा मौजूद रहे। इससे साथ उन्होंने चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी ने तानाशाही तरीके से मेयर बनाने की कोशिश की है। बीजेपी लोकतंत्र के खिलाफ साजिश कर रही थी, इसमें कोई शक नहीं।

# किसान अपनी भूमि पर शुरू करें प्राकृतिक खेती: हरविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

विधायक हरविंद्र कल्याण ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसान अपनी भूमि पर प्राकृतिक खेती शुरू करें। जिस पर सरकार सब्सिडी भी दे रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती को सर्टिफाइड करने और उसके लिए अलग से मंडी स्थापित करने पर कार्य कर रही है। वह सोमवार को घरौंडा स्थित सब्जी उत्कृष्टता केंद्र पर आयोजित सब्जी एक्सपो-2024 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि



वर्तमान समय में हम सब को खेती सहित सभी क्षेत्रों में ही नई-नई तकनीक की जरूरत है। हमारी तरक्की के लिए नई तकनीक व कृषि के क्षेत्र में नई मशीनें भी हमारी जरूरते बन गई है। आज के समय में और पुराने समय में बहुत फर्क पड़ गया है। उन्होंने कहा कि पैदावार को बढ़ाने के लिए किसान कई बार फरटिलाईजर का प्रयोग ज्यादा कर रहे है जोकि भविष्य के लिए बेहद खतरनाक है। इस क्षेत्र में बदलाव आ रहा है और किसानों ने भी अपनी तरक्की के लिए बदलाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकार ने भी पिछले 9 वर्षों में विभिन्न फसलों पर एमएसपी को 2 से 2.5 गुणा बढ़ाया है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि आज हम सबको प्राकृतिक खेती करने की आवश्यकता है। किसान को अपनी खेती के साथ-साथ व्यापर भी करना होगा। उन्होंने कहा कि आज हम सब खेती की वजह से हैं। सरकार ने किसानों के प्रति मेहनत करते हुए मेरी फसल मेरा ब्यौरा, मेरा पानी मेरी विरासत सहित विभिन्न योजनाएं लाकर किसानों का प्रगतिशील बना रही है।

**स्वागत**

**8 मेरी फसल मेरा ब्यौरा, मेरा पानी मेरी विरासत सहित विभिन्न योजनाएं लाकर किसानों का प्रगतिशील बना रही**

## मोटरसाइकिल और साढ़े आठ लाख की राशि लेकर फरार होने वाला सुपरवाइजर काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**बर्गलरी** स्टाफ की टीम ने कंपनी के सुपरवाइजर द्वारा मालिक के साढ़े आठ लाख रुपए और मोटरसाइकिल लेकर फरार होने वाले आरोपी रोहित पुत्र भगवानदास वासी श्याम गली जुंडला गेट करनाल को कर्ण लेक करनाल से गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमांड हासिल किया गया था। रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से आठ लाख रुपए नगद व स्प्लेंडर मोटरसाइकिल नंबर एचआर05एस-8560 बरामद की गई। इस संबंध में अमन अरोड़ा वासी सेक्टर-7 करनाल ने शिकायत दी थी कि करीब तीन महीने पहले उसने अपनी फैक्टरी में बतौर सुपरवाइजर रोहित वासी जुंडला गेट करनाल को लगाया था, जो कि पेमेंट लाने का काम करता था।

21 जनवरी को भी मेने सुपरवाइजर रोहित को फैक्ट्री की मोटरसाइकिल देकर करण वासी सेक्टर 7 से पेमेंट लाने के लिए भेजा, जो पेमेंट और मोटरसाइकिल लेकर कही फरार हो गया। फैक्टरी मालिक अमन अरोड़ा द्वारा शिकायत देने पर नामजद आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में आईपीसी की धारा 409 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

**शिकंजा**

**8 करण वासी सेक्टर 7 से पेमेंट लाने के लिए भेजा, जो पेमेंट और मोटरसाइकिल लेकर कही फरार हो गया**

फास्ट न्यूज

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिक होंगे प्रोत्साहित: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कहा है कि राज्य सरकार में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को यथा संभव प्रोत्साहित किया जाएगा तथा जो भी कार्मिक भ्रष्टाचार अथवा कदाचार में लिप्त पाया जाएगा उसे किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने यह स्पष्ट संदेश देते हुए पुलिस में उल्लेखनीय कार्य करने पर कोटा रेंज के उप निरीक्षक रामस्वरूप मीना को साहसिक कार्य के लिए पुलिस निरीक्षक पद पर विशेष पदोन्नति प्रदान करने की अनुशंषा की है तथा विभिन्न विभागों के भ्रष्टाचार, कदाचार में लिप्त 11 कार्मिकों की पेंशन रोकने, वेतन वृद्धि रोकने सहित दण्डात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का विहिप ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
उत्तराखंड सरकार की कैबिनेट बैठक में समान नागरिक संहिता के ड्राफ्ट को स्वीकार किए जाने और आगामी 6 फरवरी को विधानसभा के सत्र में रखे जाने के फैसले का विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) उत्तराखंड के प्रान्त संगठन मंत्री अजय कुमार ने स्वागत किया है। अजय कुमार ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 44 सभी सरकारों को पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का निर्देश देता है। उत्तराखंड राज्य में समरूपता स्थापित करने के लिए एक प्रकार के कानून, एक प्रकार की विधि व्यवस्था, एक प्रकार के रीति रिवाज, विवाह आदि संस्कारों में एक ही प्रकार के नियम लागू होंगे, जिससे राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूती प्राप्त होगी।

# यूपी के इतिहास का सबसे बड़ा बजट पेश



## न तो कोई अतिरिक्त कर, न ही आम आदमी पर बोझ

**मुख्यमंत्री** ने बजट के महत्वपूर्ण बिंदुओं को गिनाते हुए बताया कि पहली बार 2 लाख 3 हजार 782 करोड़ 38 लाख रुपये के कैपिटल एक्सपेंडीचर का प्रावधान किया गया है। यह इस बात को प्रदर्शित करता है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर पर पैसे खर्च होंगे तो न केवल रोजगार का सृजन होगा बल्कि अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने बताया कि 2016-17 में जहां प्रदेश की जीडीपी 12 लाख करोड़ रुपये की थी, वो 2024-25 में 25 लाख करोड़ रुपये यानी दोगुनी से अधिक हो चुकी है। साथ ही प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने में भी उनकी सरकार को सफलता मिली है। आज यूपी देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन चुका है। ऐसा इसलिए सम्भव हो सका है क्योंकि सरकार ने न केवल कर चोरी को रोका है, बल्कि रेवेन्यु लिकेज को समाप्त करने के लिए जो भी उपाय हो सकते थे उसे सरकार के विभिन्न विभागों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया है। यही कारण है कि यूपी आज एक रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। पिछले सात साल में राजस्व में कई गुना वृद्धि हुई है। इसके लिए ना तो कोई अतिरिक्त कर लगाया गया और ना ही आम आदमी पर बोझ बढ़ाया गया, यही नहीं इस दौरान लोकमंगल की तमाम योजनाएं भी बड़े पैमाने पर संचालित किये गये।



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 7 लाख 36 हजार 437 करोड 71 लाख रुपये (7,36,437.71 करोड़ रुपये) है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने प्रदेश में बेरोजगारी को निर्यंत्रित किया है जो कि अब 2.4 फीसदी के आसपास है। कानून व्यवस्था सुदृढ़ होने से निवेश का माहौल बना है जिससे कि आने वाले समय में भी लाखों रोजगार पैदा होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिससे एक करोड़ से अधिक रोजगार पैदा होंगे। हमने गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण के लिए काम किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि यूपी देश के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित हो। इसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। हमने प्रदेश में प्रतिव्यक्ति आय को दोगुना कर दिया है। यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन की बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह बजट लोक मंगल का है। इस बजट से पता चलता है कि उत्सव, उद्योग और उम्मीद अब नए यूपी की पहचान है।

**'120 नए वाहनों की होगी खरीद':** प्रदेश सरकार के बजट में पुलिस को 755 करोड़ रुपये दिए गए हैं। नई योजनाओं के तहत पीएसी बल को मजबूत करने के लिए 20 करोड़ रुपये की धनराशि दी गई है। इसके अलावा एसटीएफ और साइबर क्राइम थानों के लिए नए वाहनों की खरीद की जाएगी। दरअसल, पीएसी की 24 कंपनियां क्रियाशील होने के दृष्टिगत कुल 120 नए वाहनों की खरीद होनी है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-25 में 20 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा प्रदेश के नवगठित 18 परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नए वाहनों की खरीद की जानी है। इसके लिए 5.97 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। इसी तरह एसटीएफ के लिए तीन इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के लिए 57 लाख रुपये दिए गये हैं।

**पर्यटन भी रहा फोकस में:** उत्तर प्रदेश में वर्ष-2023 में जनवरी से अक्टूबर तक 37 करोड़ 90 लाख से अधिक पर्यटक आए, जिनमें भारतीय पर्यटकों की संख्या लगभग 37 करोड़ 77 लाख एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या लगभग 13 लाख 43 हजार है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अयोध्या में दीपोत्सव का आयोजन वृहद स्तर पर किया गया। इस अवसर पर राम की पैड़ी पर 22 लाख 23 हजार दीप जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाया गया। अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, लखनऊ, विन्ध्याचल, प्रयागराज, नैमिषारण्य, गोरखपुर, मथुरा, बटेश्वर धाम, गढ़मुक्तेश्वर, शुकतीर्थ धाम, माँ शाकुम्भरी देवी, सारनाथ एवं अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य कराये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में एक पर्यटन स्थल को विकसित किए जाने की योजना है।

**परिक्रमा मार्गों को लेकर हुआ एलान**
वित्त मंत्री ने कहा कि जनपद मिजार्पुर में विन्ध्याचल स्थित त्रिकोणीय क्षेत्र में मां विन्ध्यवासिनी मंदिर, मां अष्टभुजा मंदिर, मां कालीखोह मंदिर को जोड़ने वाले त्रिकोण सरेंखण में आने वाले परिक्रमा मार्गों एवं जन सुविधाओं के उन्नयन हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। महाकुम्भ, 2025 के अन्तर्गत विभिन्न कार्यो हेतु 100 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। निषाद राज गुहा सांस्कृतिक केन्द्र, श्रृंगवेरपुर की स्थापना हेतु 14.68 करोड़ रुपये, जनपद आजमगढ़ के हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय की स्थापना हेतु 11.79 करोड़ रुपये तथा महर्षि वाल्मीकि सांस्कृतिक केन्द्र चित्रकूट की स्थापना हेतु 10.53 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या हेतु 10 करोड़ रुपये प्रस्तावित है।

**धार्मिक नगरियों को ऐसा किया फोकस:** यूपी बजट

## मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला को समर्पित किया सबसे बड़ा बजट

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
उत्तर प्रदेश के अब तक के सबसे बड़े बजट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान श्रीराम को समर्पित किया है। सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में 2024-25 का बजट प्रस्तुत किये जाने के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम लोकमंगल के पर्याय हैं और इस बजट के आदि, मध्य और अंत में श्रीरामलला ही हैं। योगी ने कहा कि यह बजट प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास का दस्तावेज है, जिससे प्रदेश की समग्र संकल्पनाओं को पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उत्सव, उद्योग और उम्मीद को नये यूपी की तस्वीर बताया।



**2023-24 की तुलना में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि:** पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना को पांचवीं बार बजट प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी। उनकी सरकार का ये आठवां बजट प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा 7,36,437.71 करोड़ का बजट है। उन्होंने कहा कि आस्था, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित इस बजट में 2023-24 की तुलना में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। प्रदेश के बजट के आकार में हुई बढ़ोत्तरी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने, डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता, प्रधानमंत्री के विजन सबका साथ सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास पर आधारित है।



"प्रदेश सरकार के बजट का 90 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ 10 प्रतिशत सम्पन्न लोगों के लिए है और 90 प्रतिशत लोगों के लिए सिर्फ 10 प्रतिशत दिया गया है। सरकार ने युवाओं को नौकरियां देने के लिए कुछ नहीं किया है। बजट में रोजगार देने की बात कही गई है। **अखिलेश सिंह, सपा प्रमुख**"



"**सरकार** हर बार सबसे बड़ा बजट पेश करती है पर उसे खर्च नहीं कर पाती है। प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। इस बजट से भी कुछ लोगों का ही लाभ होगा जनता को कोई लाभ नहीं होगा। जनता बेरोजगारी और महंगाई से परेशान है।
**सपा नेता, शिवपाल यादव**"



"मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का मजबूत आधार स्तम्भ बनेगा। मैं मा. मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देती हूँ जिन्होंने बजट सत्र के दौरान राम मंदिर निर्माण में हम लोगों द्वारा समर्पित सहयोग राशि की प्रशंसा की।
**विधायक अदिति सिंह, रायबरेली विस क्षेत्र**"




